28 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 24 (12+12)
मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 40

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

हेमंत सोरेन की ताजपोशी आज



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

# अबुआ सरकार का शपथ ग्रहण समारोह

**दिनांक: 28 नवंबर, 2024 | समय: अपराह्न 04 बजे**

**स्थान: मोरहाबादी मैदान, रांची**

**इस अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं**

## जोहार

विधानसभा चुनाव में झारखण्ड की जनता ने सोना झारखण्ड के निर्माण के लिए अनेकता में एकता का जो संदेश दिया है, वह ऐतिहासिक है, अद्भुत है, अविस्मरणीय है।

वीर पुरुखों के सपनों और राज्यवासियों के आशाओं-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए अबुआ सरकार पूरी संवेदनशीलता और नई ऊर्जा के साथ काम करेगी।

**आप सभी का बहुत-बहुत आभार, जोहार!**



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

P.R. 340590 (IPRD)24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 70,200 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 98,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 28 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# हेमंत की ताजपोशी में राहुल गांधी, शरद पवार, तेजस्वी यादव ममता, केजरीवाल सहित 10 पार्टियों के 18 नेता होंगे शामिल

## अभेद्य होगी सुरक्षा : 2000 से अधिक अतिरिक्त जवान तैनात होंगे

**मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं से हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन ने मुलाकात की थी**







**रांची।** जेएमएम (झारखंड मुक्ति मोर्चा) नेता हेमंत सोरेन 28 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। विधायकों की शपथ के बाद मंत्रिमंडल की शपथ होगी। शपथ ग्रहण समारोह में 10 पार्टियों के 18 बड़े नेता शामिल होंगे।

**शपथ में इंडिया गठबंधन की दिखेगी ताकत**

महाराष्ट्र में कांग्रेस की करारी हार के बाद इंडिया गठबंधन को झारखंड ने ही ऑक्सीजन दिया है। ऐसे में गठबंधन अपनी ताकत दिखाने के लिए रांची में एकजुट होगा। 10 पार्टियों के 18 शीर्ष नेताओं ने आने पर सहमति जतायी है।

इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, एनसीपी (शरदचंद्र गुट) के अध्यक्ष शरद पवार, टीएमसी अध्यक्ष और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मेघालय के सीएम कोंराड कोंगकल संगमा, पंजाब के सीएम भगवंत मान, भाकपा माले नेता दीपांकर भट्टाचार्य, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव, शिवसेना (यूति) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे, जम्मू-कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती, तमिलनाडु के डिप्टी सीएम उदय स्टालिन, कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार, बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव और आप सांसद संजय सिंह आयेंगे। सभी नेता गुरुवार को दिन में आयेंगे और शाम 4 बजे शपथ के बाद लौट जायेंगे।

**दिसंबर के पहले हफ्ते में होगा पहला सत्र :** छठी झारखंड विधानसभा का पहला सत्र दिसंबर के पहले हफ्ते में होगा। यह पांच या छह दिसंबर को शुरू हो सकता है। सत्र पांच-छह कार्यदिवस का हो सकता है। कैबिनेट की पहली बैठक में सत्र बुलाने पर निर्णय लिया जायेगा और प्रोटेम स्पीकर का चुनाव होगा। फिर सत्र बुलाने ओर प्रोटेम स्पीकर के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी जायेगी। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर को राजभवन में शपथ दिलायी जायेगी। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर सभी विधायकों को शपथ दिलायेंगे। इसके बाद स्पीकर के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्यपाल ही नये स्पीकर के चुनाव की तिथि तय करेंगे। सत्र में अनुपूरक बजट भी पेश हो सकता है।

**दिल्ली में पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह से मिले थे सोरेन :** मंगलवार को दिल्ली में हेमंत सोरेन ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उनके साथ उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी थीं। सभी नेताओं को शपथ ग्रहण समारोह में आने का न्योता दिया। भाजपा नेताओं से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने कहा- आशीर्वाद के लिए आये थे। बहुत सारी बातें हैं। आगे भी मुलाकात होती रहेगी।



मोरहाबादी मैदान में तैयारियों का जायजा लेते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, साथ में कल्पना सोरेन।



### अभेद्य होगी सुरक्षा: 2000 से अधिक अतिरिक्त जवान तैनात होंगे

नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी तेज हो गयी है। स्टेज का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। समारोह को भव्य बनाने के लिए प्रशासन मुस्तैदी से काम कर रहा है। मुख्य सचिव अलका तिवारी और कैबिनेट ?सचिव वंदना डाडेल खुद तैयारियों की मॉनिटरिंग कर रही हैं। अलका तिवारी ने डीजीपी अजय कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अफसरों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। पुलिस मुख्यालय की ओर से 2000 अतिरिक्त फोर्स तैनात करने का निर्देश दिया गया है। समारोह स्थल पर इनके अलावा एसपी, डीएसपी, इंस्पेक्टर और दरोगा रैंक के अधिकारी भी शामिल होंगे। शपथ ग्रहण समारोह में कई राज्यों के मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री और अन्य वरिष्ठ नेता आयेंगे। वीआइपी मूवमेंट के लिए अलग से प्लान तैयार किया गया है। उनकी सुरक्षा को लेकर विशेष व्यवस्था की जा रही है। समारोह में आने वाले मेहमानों के ?अलावा अन्य लोगों की सुविधाओं का भी ध्यान रखा जा रहा है।

## रोजगार के लिए नये उद्यम स्थापित करेगी हेमंत सरकार: रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से तीसरी बार विधायक बने रामदास सोरेन ने चुनाव परिणाम पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड हिंदुस्तान का सबसे खुशहाल स्टेट बनेगा। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के बेहतरीन नेतृत्व एवं कल्पना सोरेन की लोकप्रियता के कारण इंडी एलाइंस को राज्य में शानदार सफलता हासिल हुई है। रामदास सोरेन ने राज्य की जनता को विश्वास दिलाते हुए कहा है कि आदिवासी-मूलवासी सहित झारखंड के तमाम जनता की खुशहाली के लिए सरकार नयी योजनाएं लायेगी। राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व्यवस्था दुरुस्त करेंगे। युवाओं को रोजगार के लिए बंद कल-कारखाने एवं खदानें चालू करवायेंगे और नये उद्योग को झामुमो की सरकार बढ़ावा देगी।



## देश का अव्वल प्रदेश बनेगा झारखंड : समीर मोहंति

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** झारखंड में इंडी गठबंधन को मिले प्रचंड बहुमत को बहरागोड़ा के विधायक समीर मोहंति ने हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन की मेहनत का प्रतिफल करार दिया है। झामुमो से लगातार दूसरी बार विधायक बने समीर ने कहा कि झामुमो की सरकार बनना झारखंड के आदिवासी-मूलवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने दावा किया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड देश का अव्वल प्रदेश बनेगा। समाज के हर वर्ग के लिए सरकार कल्याणकारी योजनाएं लायेगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं रोजगार को सरकार बढ़ावा देगी। विकास की गंगा बहेगी, जनता खुशहाल होगी।



## हेमंत के नेतृत्व में देश-दुनिया में नाम करेगा झारखंड : संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पोटका से लगातार दूसरी बार विधायक बने युवा तुर्क नेता संजीव सरदार ने झामुमो को मिली अपार सफलता का श्रेय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं कल्पना सोरेन को देते हुए कहा है कि राज्य की जनता ने झामुमो गठबंधन सरकार 1.0 के कल्याणकारी एवं विकास कार्यों को देखकर प्रदेश में हेमंत 2.0 के लिए आशीर्वाद दिया है। पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में दो-ढाई साल कोरोना के कारण जो काम सरकार नहीं कर पायी है, उसे अगले पांच वर्षों में धरातल पर उतारकर प्रदेश को आगे ले जायेंगे।

उन्होंने भरोसा दिलाया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में तरक्की के नये आयाम स्थापित कर झारखंड देश - दुनिया में पहला स्थान हासिल करने में सफल साबित होगा।

खदानें चालू करवायेंगे और नये उद्योग को झामुमो की सरकार बढ़ावा देगी।



## सीएम हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में दिखेगी सोहराई पेंटिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में सीएम शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। कई दिगग्ज गेस्ट भी इस कार्यक्रम में मौजूद होंगे। लेकिन इसके साथ ही कार्यक्रम में झारखंड की पारंपरिक पेंटिंग भी देखने को मिलेगी। दरअसल मुख्य स्टेज के सामने सोहराई पेंटिंग बनायी जा रही है। जो विधायक, सांसद, समेत आम लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। यें पेंटिग तीन स्थानों पर बनायी गयी है। पहली वीआइपी लोगों की इंट्री द्वार के सामने बनायी गयी है। जिसमें आदिवासियों के पर्व त्यौहार में खोड़हा नृत्य करते दिखाया गया है। दूसरी पेंटिग मुख्य स्टेज के सामने चित्रित की गयी है। जिसमें प्रकृति सौंदर्य की तस्वीर दिखेगी। इसके साथ ही जनजातियों के संग हरा भरा पेड़ भी पेंटिग में बनाये गये हैं। इसमें भी हाथी, हिरण, पशु हराभरा, पेड़ पौधा, मछली, गाय, सांप, पक्षी बनाया गया है। पेंटर संतोष प्रजापति ने बताया कि गांव के जनजातीय समुदाय दिवाली के पहले घर में साफ सुधरा करती है और घरों के दीवारों पर अपने हाथों से प्रकृति से जुड़े जीव जंतु, हरा भरा पेड़ पौधा बनाने का काम करती हैं। सोहराई पर्व पर आधारित सभी दीवारों पर चित्रित किया गया है। हजारीबाग की रुकमनी देवी की टीम ने इसे पूरा किया है। टीम में सुषमा देवी, अंजली देवी, पूजा कुमारी, दीपा कुमारी, माही कुमारी ने बारिकी से दीवार पर पेंटिंग को ऊकेरा है। इससे पहले भी झारखंड के विभिन्न जिलों में रांची, धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, रामगढ़ समेत राज्य के सभी जिलों में सोहराई पेंटिंग बनाने का काम किया गया है।

www.epaper.azadsipahi.in

28 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2081
पृष्ठ : 24 (12+12),
मूल्य : ₹3.00
रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 40

कलम कलम बढ़ाये जा
आजाद सिपाही

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

# हेमंत सोरेन की ताजपोशी आज
# झारखंड में आज से फिर अबुआ सरकार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री के रूप में 28 नवंबर को शपथ लेंगे। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए और आने वाले वीआइपी गेस्ट के लिए विशेष तैयारी की गयी है। सभी वीआइपी गेस्ट के लिए स्पेशल कारकेड तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से वीआइपी अतिथियों को सुरक्षित समारोह स्थल तक लाया जायेगा।

मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर मोरहाबादी मैदान में तैयारी पूरी कर ली गयी है। इसे लेकर जिला प्रशासन से पुलिस प्रशासन के द्वारा मोरहाबादी मैदान में सुरक्षा के साथ-साथ शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने की तैयारी पूरी कर ली है। वीवीआइपी और वीआइपी अतिथियों के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है।

संभावना जतायी जा रही है कि शपथ ग्रहण समारोह में विभिन्न जिलों से करीब 35 हजार से अधिक लोग मोरहाबादी मैदान पहुंचेंगे। शहर के कई हाटलों व लाज की बुकिंग शुरू हो चुकी है।

कई बड़े राजनेता सहित विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्री भी शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करेंगे। यही वजह है कि रांची पुलिस और जिला प्रशासन के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह को भव्य बनाने के लिए युद्ध स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

**प्रोटोकॉल के तहत मिलेंगी सुविधाएं :** हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आनेवाले अति विशिष्ट अतिथियों को प्रोटोकॉल के अनुसार सारी सुविधाएं समय पर मिले इसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने आनेवाले राजकीय अतिथियों की आगवानी, उनके ठहरने, समारोह स्थल तक जाने से लेकर उनकी विदाई तक की पूरी तैयारी की गयी है। रांची पुलिस लाइन में 500 से ज्यादा वाहनों को वीआइपी गेस्ट के लिए तैयार रखा गया है। सभी चिह्नित राजकीय अतिथि विशेष सुरक्षा में रहेंगे और रांची आने और यहां से लौटने तक उनकी सुविधा का ध्यान रखने की पूरी तैयारी की गयी है। वहीं दक्षिण भारत से आनेवाले अतिथियों को भाषाई दिक्कत का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए अंग्रेजी बोलने-समझने वाले अधिकारियों को जिम्मा सौंपा गया है।

## मैदान में बैठने के लिए पांच लेयर की व्यवस्था

मोरहाबादी मैदान एक बार फिर हेमंत सोरेन की ताजपोशी का साक्षी बनेगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए मोरहाबादी मैदान में बड़ा मंच बनाया जा रहा है, जिसमें 50- 60 लोग बड़े आराम से बैठ सकते हैं। मंच को बेहद मजबूत बनाया गया है। मैदान को पांच लेयर में बांटा गया है जिसमें बैठने की व्यवस्था होगी। मंच के सामने की जगह को पूरी तरह से खुला रखा जा रहा है ताकि जिन्हें बैठने की जगह न मिले वे सामने से खड़ा होकर शपथ ग्रहण देख सकेंगे। रांची पुलिस के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह को लेकर एयरपोर्ट, होटल, सर्किट हाउस और मोरहाबादी मैदान की सुरक्षा काफी सख्त रहेगी। शपथ ग्रहण में कई राज्यों के मुख्यमंत्री सहित 15-18 वीवीआइपी अतिथियों के आने की संभावना है। ऐसे में रांची एयरपोर्ट से लेकर होटल तक और रांची के सभी सर्किट हाउस तक सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं। वीआइपी अतिथियों के लिए स्काट वाहन तैयार हो चुके हैं, जिसकी जिम्मेवारी डीएसपी रैंक के अधिकारियों के जिम्मे होगी।

## जवानों को किया गया है ब्रीफ


वीआइपी मूवमेंट को लेकर पुलिस के जवानों को सीनियर अधिकारियों के द्वारा ब्रीफ भी किया गया है। जहां अतिथियों को ठहराया जायेगा वहां से लेकर समारोह स्थल और विदाई स्थल तक सुरक्षा के व्यापक इंतजाम करने के निर्देश जारी किये गये हैं। समारोह के पूर्व अतिथियों के आवसन स्थल से लेकर समारोह स्थल तक पुलिस ड्राई रन कर व्यवस्था चाक-चौबंद बनायेगी।

## कारकेड में कार्डियक एंबुलेंस भी शामिल

अति विशिष्ट अतिथियों के कारकेड में कार्डियक एंबुलेंस भी रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं एयरपोर्ट पर हेल्प डेस्क बनाने, समारोह स्थल पर कंट्रोल रूम बनाने, अग्निशमन वाहन की व्यवस्था रखने, पेयजल और शौचालय की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। समारोह के पहले और बाद में समारोह स्थल तक आने-जाने में किसी को परेशानी नहीं हो इसके लिए ट्रैफिक प्लान भी बनाया गया है।

## मोरहाबादी मैदान का हेमंत सोरेन ने निरीक्षण किया

रांची (आजाद सिपाही)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मोरहाबादी मैदान, रांची में 28 नवंबर को नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर चल रही तैयारियों का बुधवार को निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने समारोह स्थल में मंच निर्माण, साज सज्जा, विद्युत, ध्वनि और सुरक्षा व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत-सत्कार एवं आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि समारोह स्थल तक आवागमन और वाहनों के पार्किंग की पुख्ता व्यवस्था होनी चाहिए, ताकि किसी भी स्तर की किसी तरह की परेशानी उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यहां पेयजल के साथ अन्य सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। इस मौके पर विधायक कल्पना सोरेन, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव अमिताभ कौशल, रांची के उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा एवं कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।




# रांची में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव, दिन के 12 से रात 8 बजे तक नहीं चलेंगे ऑटो और ई-रिक्शा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मोरहाबादी मैदान में गुरुवार को सरकार के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन होना है। इसे लेकर रांची शहर में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसको लेकर बुधवार को रांची ट्रैफिक एसपी के द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के मुताबिक, 28 नवंबर को सुबह आठ से रात दस बजे तक बड़े वाहनों का शहर में नो-इंट्री रहेगी। वहीं छोटे और बड़े मालवाहक वाहनों का भी शहर में प्रवेश रात आठ बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। इसके अलावा दिन के 12 बजे से लेकर रात आठ बजे तक शहर में ई रिक्शा भी नहीं चलेंगे। इसके अलावा 28 नवंबर को दिन के 11 बजे से रात के आठ बजे तक अरगोड़ा चौक,



सहजानंद चौक, न्यू मार्केट चौक, हॉटलिप्स चौक और राम मंदिर चौक पर ऑटो और इ-रिक्शा का परिचालन पूरी तरह से बंद रहेगा।

**सामान्य वाहन विशेष मार्गों से शहर में प्रवेश कर सकेंगे :** सामान्य वाहन विशेष मार्गों से शहर में प्रवेश कर सकेंगे। जैसे बूटी मोड़ से खेलगांव चौक, कोकर चौक, रातू रोड काठीटांड़ नगड़ी से कटहल मोड़ होते हुए नयासराय, नये हाइकोर्ट के रास्ते एचइसी गेट तक रांची में प्रवेश कर सकेंगे। इसके अलावा बोड़ेया रिंग रोड से मोरहाबादी मैदान की ओर आने वाले वाहन नेवरी रिंग रोड से बूटी मोड़, खेलगांव, कोकर चौक होते हुए शहर में प्रवेश कर सकेंगे।

## यहां होगी वाहनों की पार्किंग

- वीवीआइपी और मीडिया वाहनों के लिए निर्धारित पार्किंग स्थल होंगे। ये पार्किंग स्थल रणधीर वर्मा चौक, एसएसपी आवास चौक और फुटबॉल मैदान के आसपास होंगे।

## यहां पार्क होंगे बाहर से आने वाले वाहन

- गढ़वा, पलामू और लातेहार: पुलिस लाइन मैदान, सीएम आवास के विपरित दिशा में
- खूंटी, चाईबासा: रांची यूनिवर्सिटी मैदान, सिदो-कान्हू पार्क के बगल में
- साहेबगंज, पाकुड़, गोड्डा, जामताड़ा, दुमका और देवघर: डीआइजी ग्राउंड बरियातू, बरियातू पहाड़ी स्थित मैदान
- धनबाद, बोकारो, गिरिडीह, चतरा, हजारीबाग, रामगढ़, जमशेदपुर सरायकेला: डीआइजी ग्राउंड बरियातू, बरियातू पहाड़ी स्थित मैदान

# जंगली हाथी के हमले से एक की मौत, दो घायल

**विधायक प्रदीप प्रसाद ने घायलों और परिजनों को दी सांत्वना, हरसंभव सहायता का आश्वासन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के ग्राम पंचायत भेलवारा के पोथातारी जंगल में जंगली हाथी ने एक परिवार के तीन लोग को शिकार बनया है। इस हादसे में पूनम देवी की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गयी, जबकि पिंकी कुमारी और रोशनी देवी गंभीर रूप से घायल हो गयी है, जिन्हें तत्काल शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचकर घायलों और उनके परिजनों से मुलाकात की। विधायक ने न केवल परिवार को सांत्वना दी बल्कि उनकी हरसंभव मदद का वादा किया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद है। आपके परिवार के साथ जो हुआ, उसका दुख हम सभी को है। मैं आपको यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि मैं और मेरी पूरी टीम इस कठिन समय में आपके साथ खड़ी है। विधायक ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ बातचीत कर जंगली हाथियों की गतिविधियों पर नजर रखने और उनकी सुरक्षा के साथ-साथ स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा। उन्होंने मृतका पूनम देवी के परिजनों को मुआवजा दिलाने और घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा हम वन विभाग के साथ समन्वय बनाकर ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस योजनाएं तैयार करेंगे।



## बरकट्ठा प्लस टू विद्यालय के छात्र की हुई मौत

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। प्लस टू उच्च विद्यालय बरकट्ठा में नवम वर्ग के छात्र का निधन अचानक हो गया। बरकट्ठा डीह निवासी रितेश कुमार दास 15 वर्ष पिता रोहित दास मंगलवार की दोपहर को अचानक तबियत बिगड़ने के बाद निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि रितेश दास मंगलवार 26 नवंबर को विद्यालय पढ़ने के लिए गया हुआ था। जहां उसे दर्द की शिकायत होने के बाद वह अपने एक साथी के साथ घर आ रहा था। इसी बीच दोपहर 1.15 बजे के करीब डाकडीह मोड़ के समीप पहुंचते की वह अचेत हो गया। जिसे लोगों ने तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सड़क दुर्घटना में चालक की मौत

बड़कागांव (आजाद सिपाही)। बड़कागांव-हजारीबाग पथ के बुढ़ना घाटी में ट्रक और हाईवा में भिड़ंत हो गयी। ट्रक चालक की मौके पर मौत हो गयी। हाईवा चालक घायल हुआ जिसे, रेफर किया गया। मौके पर सीआईएसएफ और बड़कागांव पुलिस के जवान द्वारा राहत कार्य चलाया गया। सीआइएसएफ के जवान घटना की सूचना मिलते हैं घटनास्थल पर पहुंचकर सबसे पहले घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया साथ ही बाधित आवागमन को संचालित करने में यह भूमिका निभाई। मृतक का नाम कुंदन कुमार झुमरी तिलैया कोडरमा के रूप में पहचान किया गया।

## जमीन विवाद में सगे भाई ने की अपने भाई की हत्या

बरकट्ठा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के कोनहारा खुर्द गांव में जमीन विवाद को लेकर भाई ने अपने भाई की हत्या कर दी। घटना बुधवार के दोपहर की है। जमीन को लेकर मो यासीन 52 साल पिता स्व कैला मिंया और उसके भाई मो मासुक पिता स्व कैलाश मिंया आपस में लड़ाई करने लगे। इसी दौरान मासुक और उसके बेटे बहू समेत लगभग आठ दस लोग मो यासीन को कोडी और लोहे से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जहां घटना स्थल पर ही यासीन की मौत हो गयी। इसके पश्चात इन लोगों ने यासीन के घर के अंदर उसके पुत्र को भी जान से मारने की कोशिश की। मृतक की बहु साहिस्ता प्रवीण पति अफजल अंसारी ने बताया कि तीन दिन पूर्व थाना में आवेदन देकर पुलिस से अपनी जान माल की रक्षा का गुहार लगाये थे लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया गया। जिसके चलते यह घटना घटी। आज भी सुबह मो मासुक अपने परिजनों के साथ मिलकर मेरे घर के सामने दिवाल दे रहे थे तो हमारे ससुर ने पुलिस को सूचना देकर कार्रवाई करने का आग्रह किया इसके बाद भी पुलिस नहीं पहूंची। हमने अपने ससुर को घर के अंदर बंद कर दिया लेकिन मो मासुक और उसके परिजन महबूब अंसारी, मैराज अंसारी अस्लम अंसारी, समीर अंसारी सभी पिता मासुक अंसारी, नजमा खातून



पति मासुक अंसारी, शबनम खातुन पति महबूब अंसारी, तबस्सुम खातुन पति मैराज अंसारी रुबिना खातुन पति अस्लम अंसारी बेटी शहाना खातुन पति शाहीद अंसारी ने मिलकर घर का दरवाजा तोड़कर मेरे ससुर की हत्या कर दी। घटना को लेकर आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जीटी रोड जाम कर दिया। सूचना मिलने पर इंस्पेक्टर इमदाद अंसारी, बरकट्ठा थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता, गोरहर थाना प्रभारी अजय कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे और मो मासुक और दो महिलाओं को हिरासत में लेकर लोगों को समझा बुझाकर सड़क जाम हटवाया। इस बाबत थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने कहा कि हमने पुलिस को भेजा था। आज यह घटना अचानक घटित हुई है पुलिस पुरे मामले की छानबीन कर आरोपी को जेल भेजेंगे घटना स्थल पर पुलिस कैंप कर स्थिति पर नजर बनाये हुए है।

## बीडीओ ने किया आम बागवानी का निरीक्षण



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की महत्वकांक्षी बिरसा हरित ग्राम योजना के प्रखंड के बादम पंचायत में हो रही आम बागवानी का औचक निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के द्वारा किया गया। इस दौरान बीडीओ ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों की वृद्धि और लोगों को रोजगार से जोड़ने के लिए आम बागवानी से लोगों को आय बढ़ेगी, लहलाते हुए आम के पौधे को देखकर काफी खुशी महसूस हुआ। यह योजना गरीबों के लिए कल्याणकारी हैं, इस योजना से जहां लाभुकों को आय में बढ़ोतरी होगी, वहीं दूसरी ओर उनका जीवन स्तर काफी ऊंचा होगा, बिरसा मुंडा आम बागवानी के लिए लोगों को प्रेरित किया। आगे उन्होंने कहा कि खाली जमीन पर कृषि कार्य भी कर सकते हैं, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूती होगी। आम बागवानी को देखरेख करें लाभुकों अच्छी आमदनी ताकि हो आगे, मौके पर बीपीओ अरुण पासवान, हीरो महतो, आवास कोऑर्डिनेटर विकास कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वृद्धाश्रम में आइएमए ने समस्याओं को जाना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को आइएमए के सदस्यों ने एड्डी बंगला स्थित वृद्धाश्रम का भ्रमण किया। डॉक्टरों के द्वारा वहां पर रह रहे वृद्ध जनों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। वृद्धाश्रम में व्यवस्था किस प्रकार से सुदृढ हों उस पर भी गहन चर्चा की गयी और संबंधित पदाधिकारियों से भी इस बारे में बात की गयी। डॉक्टरों द्वारा गर्म कपड़ों, टोपी, मौजे, दवाइयों और फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ रामसागर सिंह, डॉ मनोज भदानी, आरती भदानी, डॉ सुजीत राज, डॉ आर के दीपक, डॉ अजय सेठ, डॉ राजीव कांत पांडेय, डॉ नीरज साहा उपस्थित थे।

## कार पेड़ से टकरायी, युवक घायल

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** कोडरमा कोवाड़ मुख्य मार्ग पर राधा फ्यूल जंक्शन के समीप बुधवार की दोपहर एक हुंडई कार ने साइकिल सवार छात्र को चपेट में लेते हुए पेड़ से टकरा गयी। पेड़ में टकराने से कार क्षतिग्रस्त हो गया और स्कूल से पढ़कर आ रहे छात्र प्रिंस कुमार उम्र 18 वर्ष पिता कन्हैया पासवान साकिन अम्बाडीह पपलो थाना मरकच्चो बुरी तरह घायल गया। साथ में आ रहे छात्र रोशन कुमार पिता प्रदीप राणा साकिन अम्बाडीह पपलो थाना मरकच्चो को मामूली चोट लगी है। दोनों छात्र संत जेवियर्स स्कूल मरकच्चो के अष्टम वर्ग के छात्र है। जानकारी अनुसार सुभाष विश्वकर्मा उम्र 50 वर्ष पिता काशी विश्वकर्मा साकिन चौपारण निवासी अपनी कार एमएच 31एजी 7054 से अपने पत्नी और बच्चों के साथ बिरनी थाना राजधनवार जा रहा था। वही कार तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गया और ट्यूशन से घर जा रहे छात्र प्रिंस कुमार को अपने चपेट में लेते हुए पेड़ से टकरा गया। कार में सवार पत्नी रूबी देवी, बेटा सुधांशु कुमार और सिद्धार्थ कुमार घायल हो गया। वही राहगीरों के मदद से घायल छात्र और घायल कार सवार लोगों को प्राथमिक उपचार हेतु समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो लाया गया। उपस्थित डॉक्टर आकांक्षा सिन्हा ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज हेतु कोडरमा सदर रेफर कर दिया।

## भुरकुंडा में बीजेपी नेता छेड़खानी करते धराया, पुलिस ने भेजा जेल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पुलिस ने बुधवार को रीवर साइड निवासी एक भाजपा के छात्र नेता को पोस्को एक्ट के तहत केस दर्ज कर रामगढ़ जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार रीवर साइड निवासी गीता देवी ने घर में अपनी भतीजी के साथ घर में घुसकर जबरन छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। जिसमें कहा गया है कि रीवर साइड निवासी भाजपा के नेता रविकांत सिंह मंगलवार की दोपहर करीब 3-4 चार बजे के बीच उसके घर गया और घर में अकेली बच्ची से पीने के लिए पानी की मांग की। जैसे ही बच्ची ने उक्त व्यक्ति को पानी लाकर दिया। उसने उसका हाथ पकड़ कर छेड़छाड़ की और अश्लील हरकत करने लगा। इसके बाद बच्ची ने शोर मचाया। बच्ची का शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गये। जिसके बाद आरोपी फौरन घर से निकलकर फरार हो गया। घटना के बाद बच्ची ने फोन कर घरवालों को जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद गीता देवी ने भुरकुंडा पुलिस को लिखित शिकायत की। शिकायत के बाद भुरकुंडा पुलिस ने आरोपी हिरासत में लेकर पोस्को एक्ट सहित अन्य धाराओं में रामगढ़ जेल भेज दिया। घटना के बाद भुरकुंडा निवासियों के बीच यह चर्चा है कि विधानसभा चुनाव के बाद बड़कागांव से भाजपा के विजयी होने के बाद भाजपा से जुड़े हुए असामाजिक तत्वों का मनोबल आसमान पर है, बीजेपी के नेता कभी हथियार लहराते हुए खुलेआम डी जे की धुन पर थिरकते नजर आ रहे हैं, वोट न करने वाले वोटरों के घर पथराव कर रहे हैं, और अब बी जे पी के नेता खुलेआम बहन बेटियों के साथ छेड़खानी करते नजर आ रहे हैं।

## स्वास्थ्य उपकेंद्र में जन आरोग्य समिति का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में चिकित्सक, एएनएम, जीएनएम, झरपों भराजो पंचायत के 16 की संख्या में सहिया कर्मी, अस्पताल वार्ड इंचार्ज, सफाई कर्मी, हॉस्पिटल सिक्यूरिटी गार्ड की मौजूदगी में जन आरोग्य समिति बैठक कर गठन किया गया। जिसका सदस्य झरपों भराजो पंचायत की सहिया कर्मी थी। बैठक की अध्यक्षता झरपो पंचायत मुखिया शिबू प्रसाद सोनी ने की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे श्री सोनी ने कहा कि यह बैठक का उद्देश्य झरपो भराजो पंचायत और आस-पास के गांव के जनता के स्वास्थ्य हित के लिए की गयी है। झरपो प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र के डॉक्टर एंजेल स्वाति, चिकित्सा



कर्मियों संग समिति के सभी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि गठित समिति के सदस्य अपने नियमित समय में अस्पताल आये और रोगियों का इलाज करे जो दवा अस्पताल में मौजूद है, उस दवा को रोगियों को देने में आना कानी नहीं करें, अस्पताल का प्रचार प्रसार करें ताकि सभी लोगों को स्वास्थ्य उपकेंद्र के बारे में जानकारी हो और किसी को भी समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े। स्वास्थ्य उपकेंद्र परिसर में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी सहिया अपने-अपने कार्य क्षेत्र में नियमित रूप से सरकारी नियमावली के साथ कार्य करें। किसी भी रोगीयों और उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार नहीं करें। वहीं बैठक में कई महत्वपूर्ण बातों पर चर्चा की गयी। बैठक के दौरान एएनएम विनीता कुमारी, अनीता, पुष्पा देवी, सोनी, अंजनि, रीता देवी, सुमित्रा देवी, मंजू, राधा, उषा रानी, चंपा देवी, अनीता देवी, चमेली देवी, सुरक्षा प्रहरी अशोक कुमार शामिल थे।

## करंट की चपेट में आने से दो बच्चे गंभीर

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के डोमचांच थाना अंतर्गत जानपुर पंचायत भवन के समीप खेत में गिरे हुए 11 हजार वोल्ट बिजली की तार के चपेट में आने से दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की पहचान 12 वर्षीय सुधीर कुमार पिता उमेश सिंह और 11 वर्षीय जुगनू कुमार पिता मगहे सिंह पासीटोला (जानपुर) निवासी के रूप मे की गयी है। दोनों घायल बच्चों को आनन फानन मे ग्रामीणों की मदद से सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया। जानकारी मुताबिक दोपहर में कुछ बच्चे खेत की तरफ खेल रहे थे। इसी दौरान खेत में 11 हजार वोल्ट का तार पहले से गिरा हुआ था। गिरे हुए तार पर नजर इनकी नहीं गयी। खेलने के दौरान दो बच्चे तार के चपेट में आ गये जिससे बिजली के झटके से दोनों बच्चे बुरी तरह से झुलस गये। आसपास के ग्रामीणों ने जब बच्चों को करंट लगते देखा तो भागते हुए आए और बच्चों को बिजली के तार से छुड़ाया। जिसके बाद स्थानीय स्तर से इलाज कर बेहतर इलाज के लिए बच्चों को सदर अस्पताल कोडरमा भेजा गया। जहां दोनों बच्चों का स्थिति गंभीर बनी हुई है।

## अवैध बालू लदे तीन हाइवा जब्त



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव अंचल क्षेत्र के सुदूरवर्ती जोभिया घाटी और पसरिया घाटी के बीच में अवैध बालू लदा हुआ तीन हाईवा को बड़कागांव के अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने जब्त किया। हाइवा को उरीमारी थाना प्रभारी को सौंप दिया गया। जब्त दो हाइवा को उरीमारी थाना ले जाया गया और तीसरे हाइवा लें जाने के क्रम में हाइवा मालिक के द्वारा लोकर से हाइवा में लगे जीपीएस को बंद कर दिया। जिससे हाइवा बंद हो गया।वहीं पदाधिकारीयों के द्वारा जब्त हाइवा कि सभी तरह के दस्तावेज जांच कि जा रही है। वहीं कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप मची रही, और रात भर गाड़ी छुड़ाने को लेकर कई जनप्रतिनिधि और समाजसेवी गाड़ी छुड़ाने के लिए एडी-चोटी लगाते रहें। लेकिन बात नहीं बनतें सुबह सब भागे। वहीं बड़कागांव प्रखंड में एक भी नदी बालू घाट टेंडर नहीं होना और रोजाना सैकड़ों गाड़ी हाइवा-ट्रैक्टर से अवैध बालू ढुलाई की जा रही है। दर्जनों बालू यार्ड संचालित है, जो चर्चा का विषय बना हुआ है। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि अवैध बालू का उत्खनन और अवैध कारोबारी पर नियंत्रण किया जायेगा। बालू की चोरी करने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## आइसेक्ट विवि में मनाया गया संविधान दिवस



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय के एनएसएस इकाई के बैनर तले हरली पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मौजूद बतौर मुख्य अतिथि हरली मुखिया फरजाना खातून और मुखिया प्रमोद कुमार ने संविधान को अहम बताया और कहा कि अनेकता में एकता कहा जाने वाला हमारा देश भारत पूरी दुनिया के लिए मिसाल है। इससे पूर्व डॉ जयदीप सन्याल ने संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए संविधान की प्रस्तावना और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी मौजूद लोगों को दी। साथ ही एनएसएस के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक कर संविधान के प्रति लोगों को जागरूक किया। डॉ रोजीकांत ने मौजूद सभी लोगों को संविधान में निहित आदर्शों, मूल्यों का स्मरण कराते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाये रखने की शपथ दिलायी। मौके पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने संविधान दिवस की अहमियत का जिक्र करते हुए कहा कि संविधान हम सभी भारतवासियों को अपने कर्तव्यों और अधिकारों को बताती है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि भारत का संविधान दिवस हर साल 26 नवंबर को मनाया जाता है, ताकि देश को नियंत्रित करने वाले मौलिक सिद्धांतों को अपनाया जा सके। उन्होंने कहा कि संविधान में दिये गये मौलिक अधिकारों के प्रति लोगों को जागरुक किया जाना अतिआवश्यक है। संचालन डॉ प्रीति व्यास और धन्यवाद ज्ञापन कोमल पल्लवी भेंगरा ने किया।

## सड़क हादसे में युवक घायल

डोमचांच (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र अंतर्गत डोमचांच जयनगर मुख्यमार्ग स्थित बिरजामू विक्टोरिया स्कूल के समीप बुधवार देर शाम को अज्ञात वाहन के चपेट मे जे एच 12 जे 7307 मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान सागर कुमार दास उम्र लगभग 20 वर्ष पिता सुदन दास ग्राम सिमरिया, थाना डोमचांच निवासी के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मोटरसाईकिल सवार व्यक्ति बगड़ो से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान बिपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने अपने चपेट मे ले लिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से 108 पर फोन कर एम्बुलेंस से सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया ।

## डीडीसी ने योजनाओं की समीक्षा की

**सभी पंचायत सचिव के साथ अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम-जनमन आवास योजना और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजनाओं की पंचायत वार समीक्षा किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** उप विकास आयुक्त ऋतुराज द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक और सभी पंचायत सचिव के साथ अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, पीएम-जनमन आवास योजना और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजनाओं की पंचायत वार समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड समन्वयक और पंचायत सचिव को निदेश दिया गया कि अबुआ आवास योजना अंतगर्त वित्तीय वर्ष 2023-24 में तृतीय किश्त भुगतान किये गये लाभुकों को अगले 15 दिनों के अंदर सभी आवास पूर्ण कराते हुए जियो टैग करना सुनिश्चित करेंगे। अबुआ आवास योजना अंतगर्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध एक सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत आवास स्वीकृति और प्रथम किश्त की राशि का भुगतान कराने हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतगर्त वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध एक सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत आवास स्वीकृति कराने हेतु सभी पंचायत सचिव को निदेशित किया गया। साथ ही पीएम जनमन और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतगर्त लंबित आवास को ससमय राशि भुगतान कराने हेतु सभी पंचायत सचिव को निदेशित किया।

## एनसीसी कैडेटों ने की साफ-सफाई



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** स्वच्छ भारत अभियान के तहत बुधवार को 45 झारखंड एन सी सी बटालियन कोडरमा के द्वारा हवलदार बीरेंद्र कुमार वर्मा, एएनओ संतोष प्रसाद के नेतृत्व में सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय के 70 कैडटों ने अभियान चलाकर पंचखेरो जलाशय तट पर पिकनिक स्थल के इर्द-गिर्द साफ सफाई की। साथ ही उपस्थित लोगों को जागरुक करते हुए जलाशय के इर्द-गिर्द गंदगी नहीं फैलाने की अपील की और स्वच्छता में हाथ बटाने की भी अपील की। जलाशय तट पर बिखरे गंदे पदार्थों, पालीथिन, शराब की बोतलें आदि को एकत्र कर लोगों से पंचखेरो जलाशय तट को साफ रखने का अनुरोध किया। इस मौके पर शिक्षक सुनील कुमार, आलोक कुमार, आदित्य कुमार गौतम, योवेंद्र प्रसाद, राहुल कुमार रंजन, रोहित कुमार साव उपस्थित थे।

## खो-खो खेल प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** कर्णपुरा महाविद्यालय बड़कागांव में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग अंतर खो-खो प्रतियोगिता 2024 का आयोजन प्रभारी प्राचार्य प्रो कीर्तिनाथ महतो के अध्यक्षता में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार और नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कुलपति डॉ. पवन कुमार पोद्दार ने अपने संबोधन में कहा कि यह महाविद्यालय ग्रामीण क्षेत्र में होकर भी इस प्रकार का आयोजन कर रहा है, जो छात्रों के मानसिक और शारीरिक विकास को बढ़ावा देने में सहायता प्रदान करेगी। नवनिर्वाचित विधायक रौशनलाल चौधरी ने कहा कि विश्वविद्यालय के पदाधिकारी के साथ मिलकर कर्णपुरा महाविद्यालय को विकास की राह पर अग्रसर किया जायेगा। महाविद्यालय के सचिव टुकेश्वर प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन महाविद्यालय में आगे भी समय-समय पर होता रहेगा। जो छात्र-छात्राओं के मानसिक और बौद्धिक विकास को बढ़ावा देगा। इस खो -खो खेल प्रतियोगिता में कुल 6 महाविद्यालय की टीम जे जे कॉलेज झुमरी तिलैया, आनंदा महाविद्यालय, संत कोलंबस महाविद्यालय, जुबली महाविद्यालय, वनांचल महाविद्यालय और कर्णपुरा महाविद्यालय के प्रतिभागी भाग लिए। मैच राष्ट्रीय स्तर के रेफरी राहुल कुमार, समीर अंबेष्टा, राजेश्वर सिंह,सुबोध कुमार दास, मनजीत कुमार के देख रेख में किया गया।

## त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य और पत्रकारिता सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**टीपी पोद्दार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, सहदेव प्रसाद लोहानी और राजकुमार मिश्र हुए सम्मानित**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** त्रिवेणी कांत ठाकुर साहित्य और पत्रकारिता सम्मान समारोह 2024 बुधवार को डीवीसी सभागार में आयोजित किया गया। इसमे बतौर मुख्य अतिथि विभावि के पुर्व रजिस्ट्रार डॉ वंशीधर रुखियार और हिन्दी साहित्य का डॉ बलदेव पाण्डेय ने सम्मानपूर्वक मैथिली भाषा में योगदान के लिए व्यंग्यकार लेखक राजकुमार मिश्र, हिंदी के लिए साहित्यकार टीपी पोद्दार, खोरठा के लिए साहित्यकार और पर्यावरणविद् सुरेंद्र प्रसाद सिंह और पत्रकारिता क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सहदेव प्रसाद लोहानी को यह सम्मान दिया। वहीं एसकेएबी स्कूल की छात्रा साना परवीन को



प्रतिभा प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ बंशीधर रूखेयार ने कहा मरती हुई भाषा के दौर में राष्ट्रभाषा हिंदी, मैथिली खोरठा जैसे भाषाओं को मजबूत करने का यह बहुत अच्छा प्रयास किया है। खासकर ऐसे समय में जब स्कूल कॉलेज के छात्र-छात्राओं में सामान्य भाषा के प्रति रुचि घटती जा रही है। त्रिवेणी कांत ठाकुर के सुपुत्र राकेश ठाकुर ने पिता के साहित्य के कार्य को जीवंत करने का काम कर रहे है। जो सराहनीय है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते डॉ बलदेव पांडे ने कहा कि त्रिवेणी कांत ठाकुर नाम के अनुरूप हजारीबाग में गंगा जमुना और सरस्वती तहजीब के प्रतीक थे। उनके पुत्र राकेश ठाकुर ने मातृभाषा हिंदी और मौसी की भाषा खोरठा, नागपुरी, मैथिली भाषा में पुरस्कार देकर भाषा को बढ़ावा देने के लिए सूत्रधार का काम किया है। कार्यक्रम का संचालन हितनाथ झा और खुशबू कुमारी ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन राजीव झा ने किया। प्रशस्ति पत्र का वाचन खुशबू कुमारी, मोना बग्गा और रेखा झा ने किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता स्वरूप चंद्र जैन, अरविंद झा, चैंबर अध्यक्ष शंभूनाथ अग्रवाल, बटेश्वर मेहता, चंद्रमोहन पटेल, अर्जुन मेहता, साकेत पाठक, सुरेश ठाकुर सहित शहर के साहित्यकार और गणमान्य लोग उपस्थित थे। त्रिवेणी कांत ठाकुर मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव राकेश ठाकुर ने जानकारी देते ट्रस्ट पर ट्रस्ट करने की बात कही। कार्यक्रम रेखा झा ने विद्यापति के गीत जय जय भैरवी और स्वागत गीत और केशव कुमार केशव ने अपनी गायकी से अद्भुत समा बांध दिया। तबला पर संगत राजेश गुप्ता ने की। मौके पर अध्यक्ष प्रफुल्ल कुमार ठाकुर, कोषाध्यक्ष सीता ठाकुर, संयोजक हितनाथ झा, जदयू नेता अर्जुन मेहरा, चंद्रमोहन पटेल, मिथलेश सिंह समेत कई उपस्थित थे।

## एसपी ने किया थाना का निरीक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बुधवार को जिले के मरकच्चो थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, थाना अभिलेख, प्राथमिकी पंजी, और पुलिस पदाधिकारी, कर्मी की कार्यक्षमता का जायजा लिया। साथ ही थाना के पदाधिकारीयों, कर्मीयों से उनकी कार्यशैली की जनकारी ली गयी और आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मरकच्चो थाना प्रभारी और थाना में उपस्थित पदाधिकारी, कर्मीयों के बीच थाना के अभिलेखों और अन्य कार्यों का बटवारा कर थाना के सभी अभिलेखों का सही तरिके से संधारित कर अपडेट करने का निर्देश दिया। साथ ही आम जनता और पुलिस के बीच की दुरी को कम कर आम जनता के साथ मधुर संबंध स्थापित कर थाना स्तर पर प्रभावी कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जायें।

## सोबरन सोरेन का 67वां शहादत दिवस मनाया

# आज से झारखंड में फिर से अबुआ सरकार : हेमंत सोरेन



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय की जेएमएम विधायक कल्पना सोरेन, रामगढ़ की कांग्रेस विधायक ममता देवी हुईं शामिल**

**पैतृक घर में मुख्यमंत्री ने अपने कुल देवता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया**





आजाद सिपाही संवाददाता

**गोला /नेमरा ।** गोला के बरलंगा में पंचाड़ू पहाड़ स्थित लुकैयाटांड़ में 27 नवंबर को सांसद शिबू सोरेन के दिवंगत पिता शहीद सोबरन सोरेन का शहादत दिवस मनाया गया। शहादत दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन, रामगढ़ विधायक ममता देवी सहित कई नेता शामिल हुए। नेताओं ने शहादत स्थल में शहीद सोबरन सोरेन को श्रद्धांजलि दी। यहां आयोजित सभा को सीएम हेमंत सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड की जनता ने झारखंड में फिर से अबुआ सरकार को अपना पूर्ण बहुमत दिया है। आज रांची में अबुआ सरकार का शपथ ग्रहण है, उसके बाद यह सरकार आपकी सेवा में हाजिर होगी। यहां इस शहादत स्थल में हमारे दादा सोबरन सोरेन का वर्षों से शहादत दिवस मनाया जाता है। इस दौरान पूर्व में कई कार्यक्रम होते रहे हैं। परिसंपत्तियों का वितरण हुआ है। साथ ही विकास कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन कार्यक्रम भी हुआ है, परंतु इस वर्ष यह तब तक नहीं संभव है, जब तक सरकार का गठन नहीं हो जाता। मैं यहां आज अपने दादा को श्रद्धांजलि अर्पित करने आया हूं। साथ ही आप सभी को सरकार गठन में साथ देने के लिए कल के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में आमंत्रित करने आया हूं। आप सभी वहां उपस्थित हों, जिससे मुझे बल मिलेगा।

सभा को संबोधित कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे, जहां उन्होंने अपने कुलदेवता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। यहां उपस्थित उनके परिवार के सदस्यों में मुख्यमंत्री श्री सोरेन की चाची, भतीजी जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन एवं आदिवासी समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पारंपरिक रूप से ढोल नगाड़े बाजे के साथ नृत्य करते हुए स्वागत किया। लुकैयाटांड में हेलीकॉप्टर से आये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के स्वागत में रामगढ़ की विधायक ममता देवी, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता संजीव बेदिया, फागू बेसरा, विनोद किस्कू सहित दर्जनों नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सीएम हेमंत सोरेन को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गयी। विधायक ममता देवी, रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार ने मुख्यमंत्री को गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

### ये थे उपस्थित


गोला। लुकेयाटांड़ में सोबरन सोरेन के शहादत दिवस कार्यक्रम में संथाली संथाली संस्कृति कि झलक दिखायी दी। महिलाएं माथे में कलश में धान और फूल के साथ पारंपरिक पोशाक में नृत्य कर रही थीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शहजाद अनवर, बजरंग महतो, फागु बेसरा, संजीव बेदिया, जिप सदस्य रेखा सोरेन, सतीश मुर्मू, जीतलाल टुडू, कमलेश महतो, कपिल महतो, संतोष सोनी, सुनील राज चक्रवर्ती सहित कई नेता उपस्थित थे।

## सीएम हेमंत पहुंचे विधायक योगेंद्र के पैतृक गांव, श्राद्धकर्म में हुए शामिल

**गोमिया विधायक योगेंद्र के स्व. पिता को मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दोपहर बाद गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद महतो के पैतृक आवास पहुंचकर मुख्यमंत्री ब्रह्म भोज श्राद्ध कर्म कार्यक्रम में शामिल हुए, फोटो चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मुख्यमंत्री शोकाकुल पूरे परिजनों से मिले, विधायक पिता की मृत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि दी। इस दौरान टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, धमाल विधायक विकास मुंडा, चंदनक्यारी विधायक उमाकांत रजक, दर्जा प्राप्त मंत्री विनोद पांडे, शहजाद अनवर, गुणानंद महतो, नागेश्वर चौधरी, लोकनाथ महतो, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, रांची, हजारीबाग से हजारों की संख्या में विभिन्न राजनीतिक दल के नेता कार्यकर्ता श्राद्ध में शामिल हुए।









## कोयलांचल कुजू में राहुल दुबे गैंग की इंट्री, जारी किया धमकी भरा पर्चा

# तोपा लोकल सेल चेकपोस्ट पर की फायरिंग

**क्षेत्र में दहशत का माहौल, जांच में जुटी पुलिस, पर्चा और खोखा बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** ओपी क्षेत्र के सीसीएल तोपा कोलियरी में बाइक सवार दो नकाबपोश अपराधियो ने मंगलवार की देर रात चेक पोस्ट पर हवाई फायरिंग करते हुए जमकर गोली चालन किया। साथ ही, चेक पोस्ट के मुख्य दरवाजे सहित वहां सेल में कोयला लोडिंग करने आये खड़े एक ट्रक के टायरो पर भी गोली चलायी है। साथ ही, ट्रक पर आग भी लगाने का प्रयास किया। वहीं, ट्रक चालक जैसे-तैसे ट्रक को लेकर भाग निकला। इस बीच चेक पोस्ट पर तैनात सीसीएल सुरक्षा कर्मी धनराज जोशी भी मौके की नजाकत को समझते हुए वहां से फरार हो गया। इधर, गोलीबारी घटना की सूचना के बाद कुजू ओपी प्रभारी दिगंबर पांडेय समेत सदल बल घटनास्थल पहुंचे। जहां पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए मौके से आधा दर्जन से अधिक खोखा और राहुल दुबे गैंग से जुड़ा धमकी भरा एक पर्चा बरामद किया है। घटना में किसी की भी हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद सीसीएल के अधिकारियों, सेल कमेटियों, रैक लोडर, कोयला व्यापारी वर्ग और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल कायम है। इधर, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। जबकि लोकल सेल और ट्रांसपोर्टिंग कार्य पूर्ववत जारी है।





सुरक्षा कर्मी

**राहुल दुबे गैंग की इंट्री, तोपा गोलीबारी घटना की ली जिम्मेवारी!:** कोयलांचल कुजू में राहुल दुबे गैंग की इंट्री होने का दावा किया जा रहा है। राहुल दुबे ने सीसीएल तोपा कोलियरी में हुई गोलीबारी घटना की जिम्मेवारी लेते हुए पर्चा जारी किया है। जिसे पुलिस ने बरामद किया है। पर्चे में राहुल दुबे ने स्पष्ट रूप से लिखा है कि मैं राहुल दुबे, इस घटना का जिम्मेवारी लेता हूं हमारा अमन साहू गिरोह से कोई लेना-देना नहीं है। आज के बाद रामगढ़ जिला में हम खुद का गिरोह चलायेंगे। आप सभी कोयला व्यापारी, रैक लोडिंग, डीओ होल्डर, लिफ्टर, सेल ऑर्डर, कुजू साइडिंग, तोपा कोलियरी कमेटी को चेतावनी दे रहे हैं कि मैनेज किये बिना काम करेंगे तो अगली बार चेतावनी नहीं खोपड़ी खोल देंगे उसके बाद कॉल करेंगे। अपराधियों ने सुरक्षा कर्मी के बाइक पर भी गोली चलाया। जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गया है।

## उरीमारी में भाजपा नेताओं ने विधायक रोशन लाल से भेंट कर दी बधाई



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी को भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दी बधाई। भारतीय जनता पार्टी के बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल महामंत्री दिनेश करमाली के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पीटीपीएस पतरातू स्थित विधायक आवास में बुधवार को शिष्टाचार भेंट कर विधानसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से जीत हासिल करने पर नेताओं व कार्यकर्ताओं ने विधायक रोशन लाल चौधरी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर और फुलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। बधाई देने वालों में भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल महामंत्री दिनेश करमाली, कार्तिक मांझी, सुखू मांझी, जुगेश बेदिया, अकल मुंडा, राजेश बेदिया, जोपाल मांझी, दीपक मांझी, शंकर सोरेन, सुरेश प्रजापति, सुरेंद्र करमाली, लखन प्रजापति, उमाशंकर महतो, सुरेंद्र महतो, लक्ष्मण सोनी, फुलचंद बेदिया, युगेश बेदिया सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची के मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग) निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **निविदा संख्या (1) निविदा सूचना संख्या** डीआरएमईएनजीजीआरएनसी -61-2024। **कार्य का नाम:** रांची मंडल के अधिकार क्षेत्र के लिए बाकुडीह/बरहड़वा/पिनरगड़िया/पाकुड़/राजग्राम/तालझरी खदान साइडिंग में 50 मिमी आकार के मशीन क्रश्ड हार्ड स्टोन ट्रैक गिट्टी के 107745 घन मीटर की रेलवे वैगनों/हॉपरों में आपूर्ति और लोडिंग (गंतव्य पर माप किया जाएगा)। **निविदा मूल्य:** ₹15,73,05,545.10/-। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 27.12.2024 को 15.00 बजे। **बयाना राशि मूल्य:** ₹ 9,36,500.00/। **निविदा संख्या (2): निविदा सूचना संख्या डीआरएमईएनजीजीआरएनसी-62- 2024। कार्य का नाम:** डीईएन (दक्षिण)/रांची के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सामान्य सुविधाओं का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹12,95,52,671.53/-। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 20.12.2024 को 15.00 बजे। **बयाना राशि मूल्य:** ₹7,97,800.00/-। निविदाकर्ता ऑनलाइन निविदा के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं।
(PR-836)

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 02 date 27.11.2024, I, Jabina Khatoon, Aadhaar No.4264 2845 2720, W/O GM Khan, aged about 56 years, by faith-Islam, resident of Qtr. No. 1B/357, Kathara Colony No. 02, Near Shiv Mandir, P.O.-Kathara, P.S.-Gomia, Dist.-Bokaro (Jharkhand), PIN-829116 do hereby solemnly affirm and declare as follows :-
1. That, my Nationality is Indian. 2. That, my name has been mentioned as JABINA KHATOON as per my AADHAAR card number-4264 2845 2720 and PAN Card No. IKJPK9765F.
3. That, I am a account holder of State Bank of India, Kathara Branch vide Account No. 39938497702 my name has been registered as MAHJABIN KHATOON which is required to be corrected as JABINA KHATOON. 4. That, I want that my name should be rectify as JABINA KHATOON in place of MAHJABIN KHATOON in said Bank Account.
5. That, this affidavit is being made for the concerned officers as per the requirement.

# सुप्रीम कोर्ट ने पुरानी बहस को दिया विराम

संविधान की प्रस्तावना के दो शब्दों-धर्मनिरपेक्ष और समाजवादी - को लेकर करीब आधी सदी से जारी बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को एक तरह से पूर्णविराम लगा दिया। सर्वोच्च अदालत ने इससे जुड़ी याचिका को खारिज करते हुए दो बातें बिल्कुल साफ कर दीं। एक तो यह कि संविधान की प्रस्तावना में इन दो शब्दों को जोड़ना गलत नहीं था और दूसरी यह कि एक और संविधान संशोधन के जरिए इन शब्दों को प्रस्तावना से हटाने की कोई गुंजाइश नहीं रह गयी है। इस क्रम में अदालत ने बहस के कई अहम पहलुओं पर रोशनी डाली, जिससे फैसले की सार्थकता और बहस की निरर्थकता दोनों स्पष्ट होती है। जैसा कि इस मामले में अदालत में दायर याचिका से भी स्पष्ट है, संविधान की प्रस्तावना में इन दो शब्दों को जोड़े जाने के लिए किये गये संशोधन को दो मुख्य आधारों पर गलत बताने की कोशिश की जाती रही थी। एक तो यह कि 1976 में यह संशोधन तब किया गया, जब लोकसभा का नियमित कार्यकाल समाप्त हो चुका था। दूसरी बात यह कि संविधान निर्माता इन दो शब्दों को जोड़े जाने के प्रस्ताव पर विचार करने के बाद उसे नामंजूर कर चुके थे। सुप्रीम कोर्ट ने इन दोनों आधारों को खारिज कर दिया। फैसले ने इस तथ्य की ओर फिर से ध्यान खींचा कि प्रस्तावना में सेकुलर शब्द जोड़े जाने से पहले भी संविधान का ढांचा सेकुलर ही था। समय-समय पर अलग-अलग मामलों में दिये गये सुप्रीम कोर्ट के फैसलों से भी इस बात की तस्दीक होती रही है। जहां तक ये दो शब्द जोड़े जाने का सवाल है, तो सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक देश की संसद को इस तरह के संशोधन करने का पूरा अधिकार है। लेकिन चूंकि ये शब्द संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा हैं, इसलिए इन्हें प्रस्तावना से हटाने की कोई भी कोशिश असंवैधानिक मानी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने रेखांकित किया है कि चाहे धर्मनिरपेक्ष हो या समाजवादी, ये शब्द हमारे संविधान की प्रगतिशीलता को बनाये रखने में सहायक हैं। जहां धर्मनिरपेक्षता नागरिकों की समानता और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मूल अधिकारों को सुनिश्चित करती है, वहीं समाजवाद के प्रति निष्ठा राज्य के कल्याणकारी स्वरूप को बनाये रखने में मदद करती है। ये शब्द नीति निर्देशक तत्वों में दिये गये समान आचार संहिता जैसे लक्ष्यों की ओर बढ़ने में भी किसी तरह की बाधा खड़ी नहीं करते। कुल मिला कर, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने स्पष्ट कर दिया है कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे शब्दों और मूल्यों से पीछा छुड़ाने की हाल के वर्षों में तेज हुई प्रवृत्ति को स्वस्थ और प्रगतिशील नहीं माना जा सकता। बेहतर होगा, ऐसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा न दिया जाये।

**सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले ने स्पष्ट कर दिया है कि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे शब्दों और मूल्यों से पीछा छुड़ाने की हाल के वर्षों में तेज हुई प्रवृत्ति को स्वस्थ और प्रगतिशील नहीं माना जा सकता। बेहतर होगा, ऐसी प्रवृत्तियों को बढ़ावा न दिया जाये।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हाल ही में हुए शोध से पता चलता है कि पीएमएवाइ-जी ने आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाओं की पहुंच और समग्र कल्याण को बढ़ाते हुए कई आयामों में लाभार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार किया है। सामाजिक स्थिति, आत्म-सम्मान और अपनेपन की भावना में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। यह संभवतः संकटग्रस्त प्रवासन में कमी लाने में भी योगदान दे रही है।**

# पीएमएवाइ-जी : सभी के लिए आवास

**जीवंत रामपाल/एडुआर्डो फैब्रेस**




ग्रामीण भारत के लिए आवास एक मूलभूत चुनौती है। ग्रामीण परिवारों का एक बड़ा हिस्सा मिट्टी, बांस या अन्य अस्थायी सामग्रियों से बने कच्चे आवासों में रहता है। इससे ये घर मौसम की विपरीत परिस्थितियों में और अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। भारत सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाइ-जी) के माध्यम से इस मुद्दे का समाधान निकालने की दिशा निरंतर रूप से कार्य कर रही है।

यह एक व्यापक सामाजिक कल्याण कार्यक्रम है और सभी के लिए आवास प्रदान करने के लक्ष्य पर केंद्रित है। इस योजना का उद्देश्य सभी बेघर परिवारों और कच्चे एवं जीर्ण-शीर्ण घरों में रहने वाले ग्रामीण परिवारों को ऐसे पक्के आवास बनाने के लिए वित्तीय और निर्माण सहायता प्रदान करना है, जो दीर्घकालिक, मौसम-अनुकूल आवश्यक सुविधाओं से परिपूर्ण हों। पीएमएवाइ-जी की प्रगति सराहनीय रही है। ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमआरडी) के अनुसार, अक्टूबर 2024 तक 2.67 करोड़ घरों का निर्माण किया जा चुका है। क्या सचमुच सबके लिए आवास होगा?

पीएमएवाइ-जी ग्रामीण आवास की चुनौतियों से कितने प्रभावी ढंग से निपटती है?

पीएमएवाइ-जी ने निर्माण की गुणवत्ता में सुधार और लाभ के वितरण में निगरानी के लिए प्रौद्योगिकी को अपनाया है। निर्माण की गुणवत्ता में सुधार के लिए पीएमएवाइ-जी का एक प्रमुख घटक ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण (आरएमटी) कार्यक्रम है, जिसने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के सहयोग से, निर्माण में बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु 2.81 लाख राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित किया है। स्थानीय विशेषज्ञता का उपयोग करने के साथ-साथ गुणवत्ता में सुधार करते हुए इस स्थानीय- विशेषज्ञता पद्धति ने पीएमएवाइ-जी के अंतर्गत नयी पहलों की गति बढ़ाने में सहायता की है। वर्ष 2021-22 में नयी आवास पहल 40 लाख की संख्या को पार कर चुकी है और वर्ष 2022-23 में 50 लाख को पार करते हुए इसने पिछले सभी रिकॉर्ड भी तोड़ दिये हैं।

**पीएमएवाइ-जी का 2029 तक 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण को समर्थन करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है।**

हाल ही में हुए शोध से पता चलता है कि पीएमएवाइ-जी ने आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाओं की पहुंच और समग्र कल्याण को बढ़ाते हुए कई आयामों में लाभार्थियों के जीवन में महत्वपूर्ण सुधार किया है। सामाजिक स्थिति, आत्म-सम्मान और अपनेपन की भावना में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। यह संभवतः संकटग्रस्त प्रवासन में कमी लाने में भी योगदान दे रही है। पीएमएवाइ-जी का मुख्य ध्यान आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए सस्ते आवासों के प्रावधान और पारदर्शिता को प्राथमिकता देने के साथ-साथ महिला सह-स्वामित्व एवं इस तरह की आबादी में शामिल वर्गों के सशक्तिकरण पर रहा है।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरइजीएस) के माध्यम से इसके साक्ष्य एक महत्वपूर्ण रोजगार प्रभाव का भी उल्लेख करते हैं। इस कार्यक्रम के साथ 2016 से प्रति परिवार लगभग 314 व्यक्ति-दिवस कार्य का सृजन हुआ है, जिसमें 81 कुशल, 71 अर्ध-कुशल और 164 अकुशल व्यक्ति-दिवस शामिल हैं।

ग्रामीण राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम भी उच्च गुणवत्तायुक्त रहा है, जिसमें से कुछ को प्रमाणित राजमिस्त्री निर्माण क्षेत्र में विदेश में काम करने के अवसर भी मिल रहे हैं। गुणवत्ता पर ध्यान देने जैसे तथ्य से पता चलता है कि आपदा से निपटने के मामले में डिजाइनों को समावेशी बनाने जैसी पहलों द्वारा समर्थित किया जाता है।

यह स्थानीय परिस्थितियों और स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों के आधार पर आपदा के अनुरूप सुविधाओं के साथ विविध आवासों का डिजाइन तैयार करने की तकनीक प्रदान करता है। आवासों के लिए यह समावेशी पहल एक ऐप द्वारा समर्थित है जिसके माध्यम से अनुशंसित आदर्श 3डी आवास डिजाइन प्रदान किए जाते है। प्रौद्योगिकी के उपयोग ने दो प्रमुख साधनों- बेहतर निरीक्षण और व्यापक कार्यक्रम एकीकरण के माध्यम से लाभार्थियों के जीवन को बेहतर बनाने में पीएमएवाइ-जी की सफलता में योगदान दिया है। कार्यक्रम एकीकरण शौचालयों (एसबीएम), एलपीजी कनेक्शन (पीएमयूवाइ), पाइप से पेयजल के प्रावधान (जल जीवन मिशन), बिजली कनेक्शन (सौभाग्य) और अन्य सरकारी पहलों के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा समाधान एवं अन्य महत्वपूर्ण सुविधाओं को पीएमएवाई-जी के अनुकूल बनाकर आवश्यक सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला तक पहुंच को सुनिश्चित करते हुए लाभार्थियों के जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार लाता है। इस प्रकार, आवास संख्याओं में वृद्धि के अलावा नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में पीएमएवाई-जी का ध्यान एक स्वागत योग्य नीति विशेषता है। बेहतर निरीक्षण ने भी पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

ग्राम सभाओं और अपीलीय प्रक्रिया के माध्यम से सत्यापित आवास अभाव मानदंडों का पालन करते हुए, लाभार्थियों को एसइसीसी (सामाजिक आर्थिक और जाति जनगणना) 2011 और आवास+2018 सूचियों से लक्षित किया जाता है। इसके अलावा, आवास+ सूची को मोबाइल ऐप आवास+2024 के माध्यम से किए गए सर्वेक्षणों का उपयोग करके अद्यतन किया जाता है। यह परिवारों को स्वयं-सर्वेक्षण का विकल्प भी प्रदान करता है। हाल ही में, निरीक्षण में और सुधार लाने के लिए चेहरे की पहचान प्रणाली को भी इसमें शामिल किया गया है।

पीएमएवाइ-जी की व्यापकता विकासशील देशों में अन्य समान आवास नीतियों के मुकाबले बहुत अधिक है। पीएमएवाइ-जी का 2029 तक 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण को समर्थन करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य है। संदर्भ के तौर पर ब्राजील (ब्राजील सरकार) के माई हाउस, माई लाइफ कार्यक्रम ने 2021 तक केवल लगभग 60 लाख आवास इकाइयां वितरित या अनुबंधित की हैं और दक्षिण अफ्रीका के पुनर्निर्माण और विकास कार्यक्रम ने 1994 से 2001 (टॉम लॉज, 2003) तक कम आय वाले परिवारों के लिए केवल 11 लाख आवासों का निर्माण किया है। पीएमएवाइ-जी की व्यापकता और दायरा इसे विश्व स्तर पर सबसे प्रभावशाली आवास पहलों में रखता है।

वर्तमान शोध के मुताबिक पीएमएवाइ-जी समग्र रूप से सफल रही है, यह शोध भविष्य के लिए सुधार के कुछ क्षेत्रों का भी उल्लेख करता है। सबसे पहले, यह सुनिश्चित करने के लिए कि कार्यक्रम उन लोगों तक पहुंचे, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है, पात्रता मानदंड के बारे में जानकारी तक पहुंच बढ़ायी जा सकती है। इससे जागरूकता में अंतर को पाटने और व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी। दूसरा, नीति गुणवत्ता में सुधार करने के लिए, नीति निर्माताओं के दृष्टिकोण में संभावित खामियों को दूर करते हुए लाभार्थियों की प्रतिक्रिया के लिए साधनों में सुधार करना आवश्यक है।

अंत में, राज्यों में आवास पहल के वितरण में पर्याप्त भिन्नता है। कुछ राज्यों ने अपने लक्ष्य हासिल कर लिए हैं या उससे आगे निकल गये हैं, जबकि अन्य ने अभी तक शुरूआत भी नहीं की है। पीएमएवाइ-जी ने न केवल आवास सुनिश्चित करने का वादा किया है, बल्कि लाभार्थियों के लिए कई अतिरिक्त लाभ भी सुनिश्चित किये हैं, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। राज्यों में पीएमएवाइ-जी को लागू करने के लिए व्यापक राजनीतिक सहमति वास्तव में सभी के लिए आवास हासिल करने के लिए संपूर्ण भारत में संसाधनों का अधिक संतुलित और प्रभावी आवंटन सुनिश्चित कर सकती है।

## देश-विदेश की खबरें

# अजमेर-दरगाह में शिव मंदिर दावेवाली याचिका सिविल कोर्ट ने स्वीकार की

**अदालत ने मामले को सुनने योग्य माना**


**दरगाह कमेटी समेत 3 पक्षकारों को नोटिस**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**अजमेर।** अजमेर की ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में संकट मोचन महादेव मंदिर होने का दावा करने वाली याचिका अजमेर सिविल कोर्ट ने स्वीकार कर ली। बुधवार को अदालत ने इसे सुनने योग्य माना है। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से याचिका लगाई गई है।

सिविल कोर्ट ने अल्पसंख्यक मंत्रालय, दरगाह कमेटी अजमेर और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (अरक) को नोटिस भेजा है। मामले में अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

याचिका में रिटायर्ड जज हरविलास शारदा की 1911 में लिखी किताब अजमेरः हिस्टॉरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव का हवाला देते हुए दरगाह के निर्माण में मंदिर का मलबा होने का दावा किया गया है। साथ ही गर्भगृह और परिसर में एक जैन मंदिर होने की बात कही गयी है।



### इन डॉक्यूमेंट्स के आधार पर किया दावा

**पूर्व जज हरबिलास सारदा की किताब अजमेरः** हिस्टॉरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव, भारत में सूफीवाद का इतिहास, रिटायर्ड जज हरविलास शारदा की 1911 में लिखी किताब अजमेरः हिस्टॉरिकल एंड डिस्क्रिप्टिव का हवाला दिया गया है। इस किताब में जज ने मौजूदा इमारत में 75 फीट ऊंचे बुलंद दरवाजे के निर्माण में मंदिर के मलबे के अंश बताए थे। इसमें एक तहखाना या गर्भगृह है, जिसमें शिवलिंग बताया गया था। किताब के अनुसार, यहां ब्राह्मण परिवार पूजा अर्चना करता था। हिंदू सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु गुप्ता ने बताया, 'आप अजमेर दरगाह के आसपास घूमेंगे तो देखेंगे कि बुलंद दरवाजे पर हिन्दू परंपरा की नक्काशी की गई है। वहीं, जहां शिव मंदिर होता है, वहां झरना, पेड़ आदि जरूर होते हैं। पानी वहां जरूर होता है। ऐसे में पुरातत्व विभाग से भी अपील की है कि वे यहां जांच करें।'

### सिविल कोर्ट में 38 पेज की याचिका दाखिल

दिल्ली के एडवोकेट रामस्वरूप बिश्नोई ने बताया, 'कोर्ट में 38 पेज की याचिका दाखिल की गई है। इसमें कहा गया है कि ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में शिव मंदिर है। दरगाह की बनावट और शिव मंदिर के प्रमाण के संबंध में भी सबूत पेश किए गए हैं।' याचिका में दरगाह परिसर का अरकसे सर्वे कराने की अपील की है। साथ ही मध्यप्रदेश में धार के भोजशाला, बनारस और अन्य जगहों का उदाहरण भी दिया गया है। याचिका में दरगाह कमेटी, अल्पसंख्यक मंत्रालय और पुरातत्व विभाग को पक्षकार बनाया गया है। दरगाह कमेटी ने क्षेत्र में किए गए निर्माण को अवैध बताते हुए कब्जे हटाने और मंदिर में पूजा अर्चना का अधिकार दिलाने की मांग की गयी है। हिंदू सेना की तरफ से एडवोकेट रामस्वरूप बिश्नोई और ईश्वर सिंह ने बहस की।

# भाजपा का सीएम हमें मंजूर : एकनाथ शिंदे

**पद की लालसा नहीं, जब मुख्यमंत्री था तब मोदी साथ खड़े रहे, जो फैसला लेंगे स्वीकार**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र का अगला सीएम भाजपा का हो सकता है। बुधवार को ठाणे में कार्यवाहक सीएम एकनाथ शिंदे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा का सीएम हमें मंजूर है। मुझे पद की लालसा नहीं। जब मैं मुख्यमंत्री था तब मोदी जी मेरे साथ खड़े रहे। अब वो जो फैसला लेंगे स्वीकार होगा।

शिंदे ने कहा- मैंने कल (26 नवंबर) मोदी जी को फोन किया था हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है, मन में कोई अड़चन न लायें। हम सब एनडीए का हिस्सा हैं। भाजपा की बैठक में जो फैसला लिया जायेगा, हमें मंजूर होगा। कोई स्पीड ब्रेकर नहीं है। हम सरकार बनाने में अड़चन नहीं बनेंगे।

शिंदे बोले, मैं कभी भी अपने आप को मुख्यमंत्री नहीं समझता। मैंने हमेशा आम आदमी बनकर काम किया। यह जनता की विजय है। समर्थन के लिए जनता को धन्यवाद। इलेक्शन के वक्त सुबह 5 बजे तक काम करते थे। सभी कार्यकताओं ने बहुत मेहनत की।

पूर्व डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि शिंदे के बयान ने सबकी शंका दूर की है। महायुति में कभी भी मतभेद नहीं रहा है। हम मुख्यमंत्री के नाम पर ही जल्द ही फैसला लेंगे।

**मैं आम आदमी, कभी खुद को सीएम नहीं समझा :** एकनाथ शिंदे ने कहा कि आम आदमी को क्या समस्या आती है, वो मैं समझता हूं। मैंने कभी भी अपने आप को मुख्यमंत्री नहीं समझा। मैंने हमेशा आम आदमी बनकर काम किया। मैं देखता आ रहा हूं कि कुटुम्ब को कैसे चलाया जाता है। मैंने सोचा था कि जब मेरे पास अधिकार आएंगे तो जो परेशान हैं, उनके लिए योजनाएं लाएंगे।

**मैं आपका लाडला भाई, ये लोकप्रियता ज्यादा अच्छी :** शिंदे ने कहा कि जब सीएम था, जब लोगों को लगता था कि हमारे बीच का मुख्यमंत्री है। घर हो, मंत्रालय हो, लोग आकर मिलते हैं। मेरी जो पहचान मिली है, वो आपकी वजह से है। मैंने लोकप्रियता के लिए काम नहीं किया, महाराष्ट्र की जनता के लिए काम किया। राज्य की बहनें और भाई अब खुश हैं। बहनों ने मेरा साथ दिया और मेरी रक्षा की, अब मैं उनका लाडला भाई हूं, यह पहचान अच्छी है।

**राज्य को आगे बढ़ाने के लिए केंद्र का साथ जरूरी :** एकनाथ शिंदे बोले कि हमने ढाई साल सरकार चलाई। इस दौरान केंद्र सरकार हमारे साथ मौजूद रही, खड़ी रही। हमारे हर प्रस्ताव को उसका समर्थन मिला। राज्य को चलाने के लिए केंद्र सरकार का साथ जरूरी है।

**हम अड़चन नहीं, पूरी शिवसेना को मोदी जी का फैसला स्वीकार :** शिंदे ने कहा कि मैंने मोदीजी-शाहजी को फोन किया। मैंने उनसे कहा कि आपका जो भी फैसला होगा, हमें स्वीकार है। भाजपा की बैठक में आपका कैंडिडेट चुना जाएगा, वो भी हमें स्वीकार है। हम सरकार बनाने में अड़चन नहीं है। आप सरकार बनाने को लेकर जो फैसला लेना चाहते हैं, ले लीजिए। शिवसेना और मेरी तरफ से कोई अड़चन नहीं है।

**मोदी-शाह ढाई साल चट्टान की तरह साथ खड़े रहे :** उन्होंने कहा कि हमने ढाई साल सरकार चलाई। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री शाह ने मुझ जैसे कार्यकर्ता को मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी। ढाई साल तक दोनों चट्टान की तरह हमारे साथ खड़े रहे। मुझ से कहा कि आप जनता का काम करो और हम आपके साथ हैं।

**मुझे पद की लालसा नहीं, महाराष्ट्र में कोई स्पीड ब्रेकर नहीं :** एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुझे पद की लालसा नहीं। हम लड़ने वाले लोग नहीं हैं। हम काम करने वाले लोग हैं। मैंने पीएम और गृह मंत्री से भी कह दिया है कि महाराष्ट्र में कोई स्पीड ब्रेकर नहीं है, कोई नाराज नहीं, कोई गायब नहीं है। यहां कोई मतभेद नहीं है। एक स्पीड ब्रेकर था वो था महा विकास अघाड़ी, वो हटा दिया है।

# संभल हिंसा मामले में 100 पत्थरबाजों के पोस्टर जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**संभल।** उत्तरप्रदेश की संभल हिंसा मामले में पुलिस ने बुधवार को 100 पत्थरबाजों के पोस्टर जारी किए। इनमें ज्यादातर आरोपी हाथ में पत्थर लिए हैं। मुंह बांधे हैं। पुलिस ने बताया कि अभी और वीडियो, सीसीटीवी और ड्रोन फुटेज की जांच की जा रही है। आगे और भी पोस्टर जारी किए जाएंगे। साथ ही सड़कों पर पोस्टर और होर्डिंग्स भी लगाये जायेंगे। पुलिस ने अब तक 4 महिलाओं समेत 27 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। इन्हें कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। संभल पुलिस ने दीपासराय इलाके का एक फुटेज भी जारी किया। इसमें वह छत से पत्थर फेंकते नजर आ रही है। संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पथराव और हिंसा हुई थी। इसमें 4 लोगों की मौत हो गयी थी।

**सपा सांसद के घर के पास महिलाओं ने छत से पत्थर फेंके :** संभल हिंसा का एक और वीडियो सामने आया है। इसमें सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के घर के पास कुछ महिलाएं छतों से पुलिस पर पत्थर मारते नजर आ रही हैं। कमिश्नर आंजनेय सिंह का कहना है- पत्थरबाजी में शामिल किसी भी अराजक तत्व को बख्शा नहीं जाएगा। चाहे वह पुरुष हों या महिलाएं।

वहीं, बुधवार को यूपी के आबकारी राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा, 'कानून बिगाड़ने वालों के साथ कोई समझौता नहीं किया जायेगा। पत्थरबाजी करने वाले, दंगा भड़काने वाले उपद्रवियों के पोस्टर सार्वजनिक स्थान पर लगाये जायेंगे। सार्वजनिक संपत्ति का जो नुकसान हुआ है। उसकी भरपाई उपद्रवियों से कराई जाएगी। इधर, योगी सरकार हिंसा में जिन-जिन लोगों के नाम सामने सामने आये हैं, उनकी पहचान के बाद उनसे नुकसान की वसूली की तैयारी कर रही है। गृह और पुलिस विभाग इसमें मिलकर काम कर रहा है।

# पारंपरिक प्रेस में संपादकीय जांच ने जवाबदेही लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है, जो सोशल मीडिया के युग में गायब है: अश्विनी

**केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने सोशल मीडिया व ओटीटी प्लेटफॉर्म को विनियमित करने वाले मौजूदा कानूनों को मजबूत करने और सामाजिक सहमति बनाने की आवश्यकता पर बल दिया**

**आजाद सपिाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण, रेल और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज लोकसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्मों को विनियमित करने वाले मौजूदा कानूनों को मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता है।

**संपादकीय जांच से लेकर अनियंत्रित अभिव्यक्ति तक :** इस विषय पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफॉर्म के युग में रह रहे हैं। हालांकि लोकतांत्रिक संस्थाएं और प्रेस के पारंपरिक रूप जो कभी जवाबदेही और सामग्री की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए संपादकीय जांच पर निर्भर थे, समय के साथ अब इसमें कमी आयी है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्रेस की स्वतंत्रता का मंच तो बन गया है, लेकिन इस तरह की संपादकीय निगरानी नहीं होने से यह अनियंत्रित अभिव्यक्ति का स्थान भी बन गया है जिसमें अक्सर अशोभनीय सामग्री शामिल होती है।

**सख्त कानूनों पर आम सहमति :** भारत और इन प्लेटफॉर्म की उत्पत्ति वाले भौगोलिक क्षेत्रों के बीच अलग-अलग सांस्कृतिक भिन्नताओं को स्वीकार करते हुए श्री वैष्णव ने कहा कि भारत की सांस्कृतिक संवेदनशीलता उन क्षेत्रों से बहुत अलग है जहां ये प्लेटफॉर्म बनाए गए थे। इसलिए भारत के लिए मौजूदा कानूनों को और अधिक सख्त बनाना अनिवार्य हो जाता है। उन्होंने सभी से इस मामले पर आम सहमति बनाने का आग्रह किया।

मंत्री ने संसदीय स्थायी समिति से इस महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता के तौर पर लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि इस चुनौती से निपटने के लिए सामाजिक सहमति होनी चाहिए और सख्त कानून भी बनाए जाने चाहिए।

## भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्था में सुधार को लेकर सीएस से मिले



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में मण्डल प्रतिनिधि गढ़वा सिविल सर्जन से उनके कार्यालय में मुलाकात कर गांधीवादी तरीके से गुलाब का फूल देकर सदर अस्पताल के लचर व्यवस्था, डॉक्टर के द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही बरतने, नर्स और सहिया के द्वारा आम जनता का शिकायत और सभी मुद्दों पर चर्चा किया गया। सिविल सर्जन से आग्रह किया गया कि कार्यप्रणाली में सुधार लाये। पूर्व के जनप्रतिनिधि के तरह दबाव दुर्व्यवहार नहीं किया जायेगा स्वतंत्र रूप से कार्य करें। लेकिन आम जनता सदर अस्पताल में आते हैं तो उन्हें अस्पताल प्रबंधन के द्वारा समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी जाये। किसी प्रकार का राशि का उगाही नहीं हो। डॉक्टर को अपने कार्य को पूरी ईमानदारी निष्ठा से करें, नहीं तो अस्पताल के प्रति शिकायत होने पर भाजपा नगर मंडल गढ़वा अस्पताल प्रबंधन के विरुद्ध उग्र प्रदर्शन करने को बाध्य होगा। मौके पर उपस्थित मंडल महामंत्री राकेश शंकर गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, उपाध्यायक्ष बंधु राम, लखन गुप्ता, मनोज महतो, विशाल गुप्ता, डॉक्टर सतेंद्र कुमार, अरविंद पटवा, राजू कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सर्वेक्षण में बीएड और डीएलएड छात्र छात्राओं की भूमिका अहमः निदेशक

### आरकेवीएस मे 'असर 2024' का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** आरकेवीएस संस्थान गढ़वा में प्रथम संस्थान झारखंड शाखा द्वारा संचालित 'असर 2024' के तीन दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को पूरे लगन से सर्वेक्षण कार्य करने की बात कही जिससे कि सही सर्वेक्षण हो सके।



उन्होंने कहा कि असर का मतलब है वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट। यह एक वार्षिक नागरिक-नेतृत्व वाला सर्वेक्षण है जो ग्रामीण भारत में बच्चों की स्कूली शिक्षा और सीखने के स्तर का विश्वसनीय अनुमान प्रदान करता है। सर्वेक्षण कार्य से प्रशिक्षुओं को क्षेत्र के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक आदि स्थितियों के विभिन्न गतिविधियों से अवगत होने का अवसर मिलता है। उक्त सर्वेक्षण कार्य में गढ़वा जिले के सभी प्रखंडों के चयनित 15 ब्लॉक के 30 गांवों में सर्वेक्षण किया जाना है, जिसमें बीएड छात्रों की अहम भूमिका रहेगी। इसके साथ ही पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम मैनेजर कमल मिश्रा ने भी बच्चों को प्रेरित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में शैक्षणिक समन्वयक सह नोडल अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, प्राध्यापक आनंद मिश्रा, सतीश तिवारी, प्रवीण दूबे, रंजना दूबे, प्रथम संस्थान के प्रशिक्षणार्थी संत कुमार सिंह और रोहित कुमार, पिरामल फाउंडेशन की टीम के साथ बीएड और डीएलएड कॉलेज के छात्र और छात्राएं जिसमें जूही, आरती, दुर्गा, पंकज, रकीबा, ब्रजेश, मंजेश, मंगल मनीषा, चांदनी, नीरज, अंगद, नेहा अन्य उपस्थित थे।

## कार पलटने से चालक की मौत, दो घायल

रंका (आजाद सिपाही)। रंका थाना क्षेत्र के रंका-बांदू मुख्य सड़क के बगल में आर्टीका कार अनियंत्रित होकर कर पलट गयी, जिसमें चालक अजय कुमार की मौत हो गयी है। इस घटना में घायल शिव सोनी और रवि कुमार को रंका रेफरल अस्पताल से गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इसके संबंध में मेराज अंसारी ने बताया कि मंगलवार को बिती रात्रि में आर्टीका कार अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिसमें चालक की मौत हो गयी और दो घायल हो गये। उन्होंने बताया कि यह घटना संभवतः नशे की हालत में हुई है।

## 350 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



कांडी (आजाद सिपाही)। कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को कांडी प्रखंड में विभिन्न विद्यालयों में कक्षा आठवीं में अध्ययरत लगभग 350 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कांडी प्रखंड प्रमुख सह प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष पिंकू पांडेय, कांडी बीडीओ राकेश सहाय और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी ने बुधवार को प्लस टू उच्च विद्यालय कांडी में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत 110, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के 132, मध्य विद्यालय राणाडीह के 38, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सोहगाड़ा के 53 और मध्य विद्यालय बतो के चार दर्जन छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर मध्य विद्यालय राणाडीह के प्रधानाध्यापक शैलेश कुमार पंडित, उत्क्रमित उच्च विद्यालय लमारी कला के सहायक अध्यापक संतोष ठाकुर और अध्यक्ष करमू साह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## आचार संहिता के बाद जनता के सभी कार्य तेजी से निष्पादित करने का बीडीओ ने दिया निर्देश



डंडई (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने आदर्श आचार संहिता समाप्त होने के बाद विकास कार्यो में प्रगति लाने को लेकर कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक किया। इस दौरान बीडीओ ने प्रखंड में पूर्व से संचालित सभी योजनाओं को समीक्षा किया। उन्होंने अधूरे पड़े सभी योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, मनरेगा, 15वीं वित्त, कल्याण विभाग से संबंधित अधूरे पड़े योजनाओं को समीक्षा कर कर्मियों को लंबित कार्यों को अभिलंब पूरा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीपीओ रंजन कुमार, प्रधान सहायक वीरेंद्र मांझी, 15वीं वित्त कोऑर्डिनेटर अमित द्विवेदी, पंचायत सचिव सुनील, नरेश, राजकुमार, सुदर्शन राम अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत दिलायी गयी शपथ



रंका (आजाद सिपाही)। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत रंका थाना अंतर्गत रंका थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के द्वारा आरके प्लस टू उच्च विद्यालय और परियोजना कन्या उच्च विद्यालय रंका में जागरूकता अभियान चलाया गया और शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा अध्यापक गण द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत के लिए सजग रहने हेतु शपथ दिलाया गया।

# दुर्गा पूजा में हुए विवाद को लेकर पुलिस ने एक व्यक्ति को उसके घर से गिरफ्तार किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भंडरिया।** भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मदगडी में पिछले दशहरा पूजा के मौके पर मूर्ति विसर्जन को लेकर हुए विवाद में पुलिस प्रशासन और पब्लिक के बीच विवाद होने के कारण लाठी चार्ज करने के बाद उग्र ग्रामीणों के द्वारा हुए पथराव के आरोप में भंडरिया पुलिस के द्वारा कुल 52 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करते हुए अज्ञात 1000 लोगों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज की गयी थी। इसी के अधार पर भंडरिया पुलिस ने छापामारी अभियान चलाकर भंडरिया थाना क्षेत्र के मरदा गांव निवासी नितेश केशरी को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा भेज दिया। इस संबंध में भंडरिया थाना प्रभारी आशीष कुमार जयसवाल ने कहा कि उक्त घटना में नितेश कुमार केशरी की संलिप्तता पायी गयी थी, इसी के आधार पर इसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई के बाद एक ओर जहां सनातनियों और धर्मावलंबियों में दहशत व्याप्त है, वहीं लोगों में थाना प्रभारी के प्रति आक्रोश व्याप्त है। मुर्ति विसर्जन की घटना में नितेश कुमार केशरी की गिरफ्तारी की खबर पुरे इलाके में आग की तरह फैल गयी तथा यह मामला चर्चा का विषय बन गया तथा लोग तरह तरह की बाते करने लगे। कितने लोग अज्ञात में अपना नाम होने की आशंका में अपने घर द्वार छोडकर अनयंत्र जगहों पर शरण लिए हुए हैं। ज्ञात हो कि भंडरिया थाना क्षेत्र के ग्राम मदगडी (क) में मुर्ति विसर्जन को लेकर मुस्लिम समुदाय के द्वारा आपत्ति जतायी जाने के बाद प्रशासन और सनातनियों और धर्मावलंबियों के बीच लाठीचार्ज के बाद पथराव होने की घटना घटी थी, जिसमें कई ग्रामीणों के साथ-साथ पुलिस जवान भी घायल हुए थे। अब यह मामला नितेश केशरी के गिरफ्तारी के बाद धीरे-धीरे तुल पकड़ने लगा है।



# परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के फाउंडर किरण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर ग्रामीणों के बीच कंबल वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** स्थानीय परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के फाउंडर किरण सिंह के द्वितीय पुण्यतिथि पर गरीब ग्रामीणों के बीच कंबल और गर्म वस्त्र का वितरण किया गया। इसके पूर्व एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





आयोजन में उपस्थित स्वर्गीय किरण सिंह के पति जिले के जानेमाने डॉक्टर ज्वाला प्रसाद सिंह, पुत्र डॉ कुमार निशांत सिंह, पुत्रवधू डॉ नीतू सिंह और पौत्री शानवी के साथ अस्पताल के कर्मियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर स्वर्गीय किरण सिंह के पुत्र डॉ निशांत सिंह ने बताया कि स्वर्गीय किरण सिंह के नाम पर ही किरण सिंह मेमोरियल कैंसर फाउंडेशन का गठन किया गया है। किरण सिंह मेमोरियल कैंसर फाउंडेशन की तरफ से स्वर्गीय किरण सिंह के पति ज्वाला प्रसाद, पुत्र डॉ कुमार निशांत सिंह और पुत्रवधू डॉक्टर नीतू सिंह के द्वारा तुलबुला गांव के सभी गरीबों, दिव्यांगों, बूढ़े, के बीच कंबल तथा छोटे बच्चों के लिए ठंड के कपड़े, महिलाओं के लिए साड़ी का वितरण किया गया। मौके पर गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क जांच कर दवा का भी वितरण किया गया। पुत्र डॉक्टर निशांत सिंह ने बताया कि मां के नाम पर ही किरण सिंह मेमोरियल कैंसर फाउंडेशन का गठन किया गया है। उपस्थित डॉक्टर नीतू सिंह ने बताया कि आजकल महिलाओं में स्तन कैंसर जैसी तरह - तरह की बीमारी से कैसे बचा जा सकता है, इसके बारे में महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है। विगत दो सालों से किरण सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर किरण सिंह मेमोरियल कैंसर फाउंडेशन के अंतर्गत गरीब तथा असहाय लोगों की सेवा की जा रही है। कैंसर के प्रति निःशुल्क जगह जगह पर कैंप लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

## सबसे बड़ा संविधान है भारत का : रघुराई राम



मेराल (आजाद सिपाही)। प्रखंड के संगवरिया गांव स्थित संत रविदास आश्रम में मंगलवार को सामाजिक परिवर्तन केंद्र के तत्वावधान में 'संविधान दिवस' का आयोजन किया गया। बसपा मेराल प्रखंड अध्यक्ष उमाशंकर राम की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ के गढ़वा जिला अध्यक्ष रघुराई राम ने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर और मल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर रघुराई राम ने कहा कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा संविधान है। जिसमें देश के सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा कि देश सविंधान का अक्षरशः पालन कर ही विश्व गुरु बन सकता है। इस अवसर पर शिक्षक सुबेश्वर राम, सुभाष कुमार रवि, मदन राम, लालू कुमार भारती, गणेश राम, राजेशराम, मनीष कुमार राहुल, संजय राम, जयप्रकाश, जितेंद्र रवि, दीपू, नारद राम, प्रदीप राम सहित कई लोग थे।

## वित्तीय साक्षरता के प्रति किया गया जागरूक



मेराल (आजाद सिपाही)। ग्राम हरादाग मोड़ बाना स्थित दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र में स्वयं सेवी संस्था अग्रगति इंडिया द्वारा उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों के बीच बैठक सह जागरूकता अभियान कार्यक्रम कर वित्तीय साक्षरता की जानकारी को -ऑर्डिनेटर गुरूदेव विश्वकर्मा और राजीव कुमार दुबे उपस्थित थे। मौके पर राजीव रंजन दुबे ने उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दिया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना सभी खाताधारकों के लिए पीएमएसबीवाई और पीएमजेजेबी वाई का बीमा सभी बैंक में उपलब्ध है।

## करीं गांव में हाथियों ने किया घर ध्वस्त, फसलों को किया चौपट

रंका (आजाद सिपाही)। रंका वन क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड के कटरा पंचायत के करीं गांव में 15-20 की संख्या में आए हाथियों की झून्ड ने बिती रात्रि एक घर को ध्वस्त कर दिया वहीं घर में रखे अनाज को चट कर गये। इसके संबंध में विरेंद्र कोरवा की पत्नी सुनिता देवी ने बताया कि अर्ध रात्रि में हाथी आए और घर ध्वस्त कर अनाज खा गए और धान तथा कद्दुआ की लगी फसलों को भी खाया और बुरी तरह से चौपट कर दिए। जीतू सिंह ने बताया कि उनके धान की फसल को चौपट कर दिया, जिससे हजारों रूपये की क्षति हुई है। ज्ञात हो कि हाथियों का आतंक आये दिन रंका वन क्षेत्र अंतर्गत लगातार जारी है। किसी की जान से हाथ धोना पड़ता है तो किसी का घर ध्वस्त, तो किसी को फसलों का नुकसान होता है, किंतु वन विभाग के कर्मियों का कोई इस पर ध्यान नहीं है। भुक्तभोगियों ने वन विभाग से घर और फसलों की क्षतिपूर्ति मुआवजा की मांग की है।

# एमएसएमइ प्रौद्योगिकी केंद्र जमशेदपुर और बाबू दिनेश सिंह विवि के बीच समझौता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र जमशेदपुर (इंडो-डेनिश टूल रूम) और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, गढ़वा के बीच बैचलर आफ टेक्नोलॉजी और डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग में पढ़ने वाले छात्रों के लिए प्रशिक्षण और रोजगार हेतु एक समझौता कियाक जिसमें जमशेदपुर एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र के प्रबंधक निदेशक आनंद दयाल और बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एमके सिंह ने आदित्यपुर स्थित कार्यलय में संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किया तदोपरांत यह समझौता तीन वर्षों के लिए प्रभावी हो गया, जिसमें युवाओं को नवीनतम तकनीकी कौशल प्रदान करने और उनके समग्र विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।



यह समझौता का उद्देश्य तकनीकी, अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना है। इसके तहत, दोनों संस्थान संयुक्त रूप से स्किल ट्रेनिंग, अनुसंधान परियोजनाओं, सेमिनारों, और कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे। इसके अतिरिक्त, छात्रों और शिक्षकों का आदान-प्रदान भी होगा, जिससे नये वचारों और दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान सुनिश्चित हो सके।

एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, जो आधुनिकतम तकनीकी सुविधाओं और कुशलता विकास में अग्रणी है, इस साझेदारी के तहत छात्रों को औद्योगिक प्रोजेक्ट और इंटर्नशिप के माध्यम से वास्तविक अनुभव प्रदान करेगा। वहीं, बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय, जो राज्य के सामाजिक और शैक्षणिक उत्थान के प्रति प्रतिबद्ध है, इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में सक्रिय भूमिका निभायेगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति, प्रोफेसर डॉ एमके सिंह ने कहा, 'यह समझौता न केवल छात्रों के करियर को मजबूत बनायेगा, बल्कि राज्य के विकास में भी योगदान देगा। यह हमारे आदिवासी समुदाय को शिक्षा और कौशल में नई ऊंचाइयों तक ले जाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।' यह समझौता झारखंड के युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करेगा, बल्कि राज्य के औद्योगिक और शैक्षणिक परिदृश्य में भी क्रांतिकारी बदलाव लायेगा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.

e-Procurement Notice
e-Tender Ref No.- 5/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 1100
Dated:- 26.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Construction of H.L. Bridge At Chainage:-32.200 Km, 34.10 Km and 36.6 Km of Daltonganj-Lesliganj-Panki Road Including Approach Road for the year 2024-25. |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 6,82,22,428.36 (Rupees Six Crore Eighty Two Lacs Twenty Two Thousand Four Hundred Twenty Eight and Thirty Six Paise) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 6,82,500.00 (Rupees Six Lacs Eighty Two Thousand Five Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 12 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 03.12.2024, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 24.12.2024, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 27.12.2024, 12.30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562-225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj

PR 340498 Road (24-25)_D


# मैं चुनाव हारा हूं, जमीन नहीं : भानु प्रताप शाही

### अनंत प्रताप देव अपने वादे के अनुरूप पावर प्लांट लगाने का वादा किया है, जिसपर छह माह के अंदर काम शुरू होना चाहिए

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सगमा।** विधानसभा चुनाव हारने के बाद पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने सर्व प्रथम सगमा प्रखंड पहुंचकर कार्यकर्ताओं को हौसला बढ़ाने के साथ मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। सगमा प्रखंड पहुंचने के बाद सैकड़ों की संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।

इस अवसर पर भानुप्रताप शाही ने स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भवनाथपुर के मतदाताओं ने मुझे



एक लाख पच्चीस हजार मत दिया है, जो पूरे झारखंड में चुनाव हारे हुए विधायक को इतना प्रचंड मत नहीं मिला है, इसके लिए हम सभी कार्यकर्ता तथा मतदाताओं का दिल से आभार प्रकट करता हूं।

'मैं चुनाव हारा हूं, जमीन नहीं' इस चुनाव में मुझे हराने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी पत्नी विधायक कल्पना सोरेन के साथ भवनाथपुर विधान सभा में कैंप कर चुनाव प्रचार किया। यह भी एक इतिहास बन गया है, लेकिन भवनाथपुर विधानसभा की जनता ने मुझे सवा लाख वोट देकर मुझे जो ताकत दिया है, उसे हर समय याद रखूंगा। मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं कि भानुप्रताप शाही का जब भी जरूरत हो हर समय उपस्थित रहूंगा। अब भनाथपुर विधानसभा को एक नहीं, तीन-चार विधायक मिलकर इस विधानसभा को चलाने वाले हैं, मैं सगमा प्रखंड की धरती से चुनौती देता हूं कि अनंत प्रताप देव अपने वादे के अनुरूप पावर प्लांट लगाने तथा पलायन रोकने का वादा किया है, जिसपर छह माह के अंदर काम शुरु होना चाहिए, अन्यथा मैं ईट से ईट बजाने के लिए कमर कस चुका हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि मुझे सूचना मिल रहा है की सगमा प्रखंड में झामुमो के द्वारा मेरे कार्यकर्ताओं को धमकी दिया जा रहा है कि कार्यकर्ताओं के घर पर बम पटाखा फोड़ने का काम किया गया है। मैं बीरबल पंचायत की धरती से आगाह करना चाहता हूं कि अनंत प्रताप देव अपने कार्यकर्ताओं पर लगाम लगायें अन्यथा इसका खामियाजा भुगतने के लिए भी तैयार रहें। मैं अपने सभी कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाता हूं कि आपके मान सम्मान पर कभी आंच नहीं आने दूंगा, कोई भी हमारे सनातन धर्म तथा भवनाथपुर की धरती को कलंकित करने का प्रयास करेगा, तो उसका पुरजोर तरीके से उन्हीं के भाषा में जवाब दिया जायेगा। इस अवसर पर मुख्यरूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व जिप सदस्य नांगोपाल यादव बीरबल मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, रामेंद्र मिश्रा, रामचंद्र साह, राजेश बैठा, सुरेश यादव, ताराचंद यादव, संतोषी कुशवाहा, दिनेश शर्मा, सखीचंद प्रजापति, उमेश भुईयां, विधान भुईयां, प्रेमचंद भूइहर आदि उपस्थित थे। स्वागत समारोह का संचालन सगमा के मंडल अध्यक्ष दिलीप यादव के द्वारा किया गया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा**

अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0:–20 / 2024–25

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 20 / 12 / 2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 21 / 12 / 2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 21 / 12 / 2024 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
2. अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान:– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8. कार्य का विवरण:–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation work of District Agriculture Office Garhwa Under Garhwa Distt. for the Year 2024-24. | ₹ 37,96,600.00 | ₹ 76,000.00 | ₹ 5000.00 | 03 माह |
| 2 | E/R to D Type Quarter Unit No. 2 for Judicial Officer at Near Block Building Campus, Nagar Untari Garhwa Under Garhwa Distt. | ₹ 9,14,700.00 | ₹ 1900.00 | ₹ 1250.00 | 21 दिन |
| 3 | Construction of PCC Road in Campus of Family Judge Quarter at Garhwa. | ₹ 3,18,100.00 | ₹ 6,400.00 | ₹ 750.00 | 07 दिन |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोटः– *Updated Character PAN, GST Return File Latest,* पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

**कार्यपालक अभियंता,**
**भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**

PR.NO.340491 Building(24-25):D

# आपसी रंजिश में 15 लाख के इनामी माओवादी की हत्या

माओवादी छोटू खरवार एनआइए का था मोस्ट वांटेड

रवि कुमार गुप्ता



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह में भाकपा माओवादी के कुख्यात नक्सली और 15 लाख रुपये के इनामी छोटू खरवार की हत्या कर दी गयी है। बुधवार सुबह बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव स्थित भीमपांव जंगल में उसका शव पड़ा हुआ है। प्रारंभिक जांच में अब तक पता चला है कि उसकी हत्या कैसे हुई है। पूरे मामले पर छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार घटनास्थल पहुंच मामले की पड़ताल में जुट गये हैं। छोटू खरवार पर कई जिलों में 100 से अधिक गंभीर अपराधों का आरोप था जिसमें हत्या, आगजनी, गोलीबारी और विस्फोट शामिल हैं। छोटू खरवार का नाम 2013 में लातेहार में हुए उस आईईडी विस्फोट में भी सामने आया था, जिसमें सीआरपीएफ के 14 जवान शहीद हो गये थे। उसके खिलाफ लातेहार, पलामू, गढ़वा, लोहरदगा और गुमला समेत अन्य जिलों में कई नक्सली गतिविधियों के मामले दर्ज थे। पुलिस ने आशंका जतायी है कि छोटू की हत्या नक्सलियों के आपसी विवाद और लेवी के बंटवारे को लेकर की गयी हो सकती है। हालांकि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है।

**कटिया जंगल से तीन किलोमीटर पहले हुई है छोटू खरवार की हत्या :** बता दें कि जिस स्थान पर छोटू खरवार की हत्या कर दी गयी है। वहां से कुछ ही दूरी 2 किलोमीटर पर कटिया जंगल स्थित है। जहां जनवरी 2013 में नक्सली और पुलिस के बीच मुठभेड़ की घटना हुई थी। जहां जवान के पेट में बम प्लांट तक कर दी गयी थी।

**2019 में छोटू की पत्नी हुई थी गिरफ्तार :** 21 दिसंबर 2016 को बालूमाथ पुलिस ने सहारा इंडिया के मैनेजर चंदन कुमार के पास से 3 लाख रुपये बरामद किये थे, तब मैनेजर ने पुलिस से कहा था कि पैसे छोटू खेरवार के हैं। छोटू के 26 लाख रुपये की निवेश की डिपोजिट स्लिप भी पुलिस को मिली थी, जिसमें 12 लाख उसकी पत्नी ललिता के नाम पर थे। 19 जनवरी 2018 को नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने केस टेकओवर किया था। नक्सलियों का पैसा निवेश कराने के मामले में ललिता देवी को दो जुलाई 19 को वांटेड घोषित किया था। एनआईए ने 19 अक्टूबर 2019 उसे लातेहार से गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ जनवरी 18 से मुकदमा दर्ज था.

**कटिया बम कांड दोहराने का प्रयास :** मामले में आया नया आया मोड़ माओवादी रीजनल कमांडर छोटू खरवार के चेस्ट यानी बॉडी पास्ट के पास में धागे से किया गया है सिलाई। बाये पैर और सीने समेत कई जगह पर गोली और लाठिया मारी मिली है। निशान मिलने पर पुलिस टीम पूरी तरह से अलर्ट हुई और मौके पर डॉग स्क्वायड समेत बम चेक करने वाले उपकरण भी है। पूरी बारीकी से की जा रही है जांच पड़ताल।

## माओवादी का किला हुआ धराशायी



बरवाडीह। 15 लाख का इनामी नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का रीजनल कमिटी सदस्य छोटू खरवार उर्फ छोटू जी का हत्या कर दी गयी। छोटू खरवार उर्फ छोटू 1998 के दशक से ही एमसीसी संगठन में बाल टीम में जुड़े थे। छोटू खरवार उर्फ छोटू जी पिता नरेश सिंह खरवार थाना क्षेत्र के सिकिद गांव का रहने वाले थे। पांच भाई में यह तीसरा स्थान पर थे। छोटू खरवार की पत्नी ललिता देवी फिलहाल रांची के होटवार जेल में बंद है। एनआईए की टीम ने उसे लगभग 2017-18 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

## छोटू खरवार के सीने में पाया गया एक चीरा



छोटू खरवार का शव उठाने गये पुलिसकर्मी उस समय हतप्रभ रह गये, जब एहतियात के तौर पर छोटू खरवार के शरीर का कपड़ा हटाया गया, तो उसके सीने में एक चीरा पाया गया। चीरा लगाकर उसकी सिलाई की गयी थी। ऊपर से उस पर काला पेंट किया गया था। इसके बाद पुलिसकर्मी किसी अनहोनी की आशंका से एहतियात बरतते हुए शव के पास से दूर हो गये। यहां यह बता दें कि इससे पहले भी कटिया जंगल मुठभेड़ में माओवादियों ने एक जवान के पेट में बम प्लांट कर दिया था। रांची में रिम्स में पोस्टमार्टम के दौरान यह पता चला था। इसलिए किसी अनहोनी की आशंका से पुलिस शव उठाने में एहतियात बरत रही है। छोटू खरवार के शव में तीन गोलियां लगी है। एक पैर टूटा हुआ है।

## पेट में निशान के थाना प्रभारी धीरज सिंह ने की पुष्टि

पेट में निशान का थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह ने की पुष्टि उन्होंने बताया कि पेट में जो निशान था। वो किसी टांके का निशान नहीं था, बल्कि जो गोली लगी थी वो उसके चेस्ट के हिस्से के पास से लगकर गुजरी थी, जिसके कारण काला निशान हो गया था, शुरूआती दौर में वैसा लग रहा था। उच्च अधिकारी के जांच के बाद स्पस्ट हो गया कि किसी प्रकार की सिलाई नहीं है। शव को कब्जे में ले लिया गया है, और छिपादोहर थाना परिसर में रखा गया। उसका पोस्टमार्टम कर आगे की कार्रवाई की जायेगी। मौके पर सीआरपीएफ 172 के इंस्पेक्टर डीडी चौबे भी मौजूद रहे।

## ग्रामीणों के लगातार विरोध के बाद कनीय अभियंता पहुंचे कार्यस्थल



भंडरा (आजाद सिपाही)। भंडरा प्रखंड अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत कुम्हरीया अंबाटोली से कसपुर तक सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीणों द्वारा लगातार हो रहे विरोध के बाद बुधवार को विभाग के कनीय अभियंता जितेंद्र पंडित, संवेदक मेहंदी हसन के साथ योजना स्थल के पास पहुंच कर ग्रामीणों से बात की। जिस पार ग्रामीणों ने कहा कि इस सड़क निर्माण की मांग ग्रामीणों के द्वारा लंबे समय से की जा रही थी। कुम्हारिया अंबा टोली गांव के लोगों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली यह सबसे सुलभ सड़क है। बनने से प्रयटक स्थल नंदनी जलाशय जाने के लिए भी प्रयटकों को सुविधा होगी, ये सड़क भंडरा मुख्य पथ को जोड़ती है। इसके बाद विभाग के कनीय अभियंता जीतेंद्र पंडित, सवेदक और ग्रामीणों ने सडक निर्माण के लिए फीता लगा कर नापी की गयी। साथ ही ग्रामीणों ने कहा कि सडक निर्माण में हर संभव मदद करनी की बात कही।

## सास-बहु और पति सम्मेलन का आयोजन

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के झलजमीरा पंचायत अंतर्गत गगेया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम के नेतृत्व में सास बहु पति समनेलन का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में एएनएम प्रमिला एक्का ने मौजूद ग्रामीणों को परिवार नियोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्देशानुसार लड़कों के शादी का सही उम्र 21 वर्ष व लड़कियों का 20 वर्ष होना चाहिये। शादी के दो वर्ष पश्चात पहला बच्चा हो और दूसरे बच्चे के लिए तीन वर्ष का अंतराल हो, जिसका ख्याल नव दंपति को रखना चाहिये। मौके पर एएनएम प्रमिला एक्का, आंगनबाड़ी सेविका मालती देवी, सहिया शकुंतला देवी के अलावे संगीता देवी, अंजनी देवी, सोमवती देवी, सुशांती कुमारी सहित अन्य सास बहु उपस्थित थे।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। नालसा नयी दिल्ली और झालसा रांची के निर्देशानुसार और पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा लोहरदगा राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में नालसा स्कीम चाइल्ड फ्रेंडली लीगल सर्विसेज फॉर चिल्ड्रन स्कीम 2024 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ व्यवहार न्यायालय लोहरदगा परिसर स्थित सभाकक्ष में किया गया। वहीं प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। हम सभी को बच्चों के हित में कार्य करना चाहिए ताकि बच्चे गलत राह पर नहीं जाएं। मौके पर पैनल अधिवक्ता नसीम अंसारी, सीपी पाठक, तरुण देवघरिया, देवाशीष कार, राखा साहू, गौतम देवघरिया, राजललित प्रसाद, फुन्नी साहू, पीएलवी नेमहंती मिंज, गौतम लेनिन और अनिमा एक्का आदि उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं की मेहनत और नेताओं की रणनीति की जीत है : प्रखंड अध्यक्ष



कैरो (आजाद सिपाही)। लोहरदगा विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव की 34670 वोट से बड़ी जीत कार्यकर्ताओं की निस्वार्थ मेहनत, लगन और समर्पण का परिणाम है। बूथ, पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर के कार्यकर्ताओं द्वारा दिन रात कड़ी मेहनत कर अपने प्रत्याशी को बड़ी मार्जिन से शानदार जीत दिलायी गयी। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राजनीति की चरितार्थ- कार्यकर्ताओं के द्वारा ही प्रत्याशी जीतता है को साबित कर दिखाया। अध्यक्षों ने बधाई और आभार कांग्रेस के लौह स्तंभ और शीर्ष नेताओं धीरज प्रसाद साहू, डॉ रामेश्वर उरांव और जिला कार्यकारी अध्यक्ष शकील अहमद की रणनीति का हिस्सा और परिणाम बताया। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर, युनुस अंसारी, सत्यदेव भगत, अनीस अहमद, जुगल भगत और विनोद सिंह खेरवार मौजूद थे।

## एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिला प्रशासन के अंतर्गत जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा के मार्गदर्शन में 'बाल विवाह मुक्त भारत अभियान' के अंतर्गत एक दिवसीय संघन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें 'बाल विवाह निषेध अधिकारी' एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारी और कर्मियों के आपसी समन्वय से जिला के सभी प्रखंड के सभी 66 पंचायत, विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की जानकारी प्रदान करते हुए बताया गया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 एक भारतीय कानून है जिसका उद्देश्य बाल विवाह को रोकना और उन्हें निषेध करना है। इस अधिनियम के तहत, बाल विवाह को अपराध माना जाता है और इसके लिए दंड और जुमार्ना लगाया जा सकता है।

## अवैध गांजा की खेती को किया गया नष्ट

बरियातू (आजाद सिपाही)। थाना पुलिस ने बुधवार को डुमरा ग्राम में अभियान चलाकर लगभग दो एकड़ भूमि पर फैली अवैध गांजा की खेती को नष्ट किया। सुचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में डुमरा ग्राम में अभियान चलाकर गांजा को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर विनष्ट कर दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों, जैसे गांजा या पोस्ता की खेती करना कानूनन अपराध है। अगर कोई इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया गया या सहयोग करता हुआ पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ऐसी अवैध कारोबारियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं किया जायेगा।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने बालूमाथ में निकाला विजय जुलूस

# यह जीत मेरी नहीं, कार्यकर्ताओं की जीत है : प्रकाश राम

संतोष सिन्हा





**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार विधानसभा के सभी पांचों प्रखंडों में भाजपा कार्यकताओं की कड़ी संघर्ष के बाद भाजपा की जीत हुई है। इस बार 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रकाश राम ने कड़ी संघर्ष के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी वैजनाथ राम को 434 मत से हराया है। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखने को मिला। विजय मिलने के बाद बालूमाथ प्रखंड में मुरपा मोड़ चौक स्थित भाजपा कार्यालय से लेकर टमटमटोला स्थित भगवा, बजरंगबली चौक तक कार्यकर्ताओं के द्वारा अपने विजय हुए प्रत्याशी प्रकाश राम को विशाल विजय जुलूस में शामिल कराकर कार्यकर्ताओं ने उन्हें गर्मजोशी के साथ फुलमालाओं से अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा के वर्तमान विधायक प्रकाश राम ने विजय जुलूस में कहा कि पांच वर्षों से मेरी कड़े संघर्ष और भाजपा के एक-एक कार्यकर्ताओं के संघर्ष का नतीजा है कि आज मैं लातेहार विधानसभा का भाजपा के टिकट से विधायक बना हूं, मैं पूर्व में भी लातेहार विधानसभा का दो बार विधायक रह चुका हूं। इस बार का जो कार्यकर्ताओं और लातेहार विधानसभा के मतदाताओं का मुझे जो आशीर्वाद मिला है, इसे मैं जीवन भर नहीं भूल सकता। इस अवसर पर बालूमाथ प्रखंड के सभी 13 पंचायतों से भाजपा के करीब दस हजार कार्यकर्ता विजय जुलूस में शामिल हुए और जय श्री राम के नारे भी बुलंद किये गये। विजय जुलूस में शामिल मुख्य रूप से भाजपा के मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, रविंद्र सिन्हा, कृष्ण यादव, सुमन सिन्हा, बालूमाथ जिला परिषद सदस्या सह लातेहार विधानसभा चुनाव प्रभारी प्रियंका कुमारी देवनंद प्रसाद प्रेम प्रसाद गुप्ता, अशोक साहू, जीतेंद्र प्रसाद, रघुनंदन सोनी, त्रिवेणी साहू, एससी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमित कुमार मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, लक्ष्मण यादव सहित बालूमाथ प्रखंड के सभी पंचायत कमिटी, सभी बुथ कमिटी के वरिष्ठ, श्रेष्ठ सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता विजय जुलूस में शामिल हुए।

**कोल्हान की खबरें**

### विधायक मंगल कालिंदी ने बोड़ाम और पटमदा में निकाला आभार यात्रा, कहा

# बड़ी जीत के साथ जनता ने दी है बड़ी जिम्मेवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोड़ाम।** पूर्वी सिंहभूम जिले के जुगसलाई विधान सभा से 2024 में चुनाव जीत कर दूसरे बार विधायक बनने के बाद मंगल कालिंदी ने ग्रामीणों को जीत की बधाई देने के लिए बोड़ाम और पटमदा में आभार यात्रा निकाली। बुधवार को विधायक श्री कालिंदी ने बोड़ाम बाजार, बंगोई, भुला मोड़ में लोगों से मिले उनका आशीर्वाद लिया। उन्हें लगभग 43 हजार मतों से दूसरी बार विधायक बनाने पर आभार व्यक्त किया। आभार यात्रा के दौरान विधायक ने बोड़ाम बाजार में वीर शहीद निर्मल महतो, बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर और चुहाड़ विद्रोह के महानायक रघुनाथ सिंह भूमिज की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया। मौके पर अपने हाथ से लोगो के बीच लड्डू का वितरण किया। इससे पूर्व पटमदा के धुसरा होते हुए बामनी, कुंदरूकोचा, लावा सहित दर्जनों गांव का शांति पूर्ण भ्रमण किया। मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने ग्रामीण लोगो से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं ग्रामीणों को बधाई देते हुए आभार जताया। उसके बाद विधायक श्री कालिंदी ने हजारों ग्रामीण समर्थकों संग बेलटांड़ चैक से पटमदा बाजार तक पदयात्रा किया। पदयात्रा में झामुमों कार्यकर्ताओं संग ग्रामीणों ने हाथों झामुमों का झंडा लेकर खुशी मनाये। वहीं विधायक ने पटमदा बाजार स्थित श्री श्री दौड़ासिनी मंदिर व दुर्गा मंदिर में मत्था टेका। मंदिर में माता रानी से आशीर्वाद लेकर क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना की। इसके बाद माचा, बिड़रा, काटिन बाजार व बांगुड़दा स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में छात्राओं और आमलोगों के बीच लड्डू का वितरण किया। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि 2024 के चुनाव में जनता का अपार समर्थन मिला है। विश्वास और आशीर्वाद की बदौलत वे दूसरी बार विधायक बने हैं। श्री कालिंदी ने कहा कि बड़ी जीत के साथ जनता ने बड़ी जिम्मेवारी भी दी है। जुगसलाई विधानसभा के जनता की सभी अधूरे कार्यों को पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें आतिशबाजी और ज्यादा नारेबाजी पसंद नहीं हैं। इसलिए शांतिपूर्वक आभार यात्रा निकाली गयी। बोड़ाम में आभार यात्रा में झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, चंद्रशेखर टुडू, कालीपद, अश्विनी महतो, समीर, सनत, अमर सिंह सरदार सहित सैकड़ों झामुमों कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे।

### पूर्णिमा साहू की शानदार जीत की खुशी में निकली आभार यात्रा

# जनता का समर्थन व आशीर्वाद ही मेरी ताकतः पूर्णिमा साहू

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी से नवनिर्वाचित विधायक पूर्णिमा साहू के शानदार जीत की खुशी में भाजपा ने आभार यात्रा निकाला। बुधवार को आभार यात्रा बारीडीह और सीतारामडेरा के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। मौके पर विधायक पूर्णिमा साहू ने जनता के अपार समर्थन और आशीर्वाद के लिए हाथ जोड़कर धन्यवाद और कृतज्ञता व्यक्त की। मौके पर भाजपा समर्थकों ने कई स्थानों पर पुष्पवर्षा कर विधायक पूर्णिमा साहू का गर्मजोशी से स्वागत किया।वहीं बाइक पर सवार सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा का ध्वज लहराते हुए भाजपा जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और पूर्णिमा साहू जिंदाबाद का नारा लगाते नजर आये। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक पूर्णिमा साहू के आभार संदेश लिखे पत्र को घर-घर जाकर लोगों को भेंट किया और उनको धन्यवाद किया। विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि उनकी जीत जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के जनता की जीत है। लोगों ने अपनी बहन, बेटी और बहू को जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी से नवाजा है। वह उनके लिए सम्मान और गौरव की बात है। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, दिनेश कुमार, राजन सिंह, बबुआ सिंह, संजीव सिंह, बारीडीह मंडल अध्यक्ष जीवन लाल, पवन अग्रवाल, सुशांत पांडा, अमित अग्रवाल, पोरेश मुखी, अभिमन्यु सिंह, संतोष कुमार, कुमार अभिषेक, शैलेश गुप्ता, काजू शांडिल, बिकेश सिंह, अरुण तिवारी, राकेश सिंह, कंचन दत्ता, उमेश साव, रूपा देवी, संजना साहू, रमेश नाग, अजीत कालिंदी सहित अन्य मौजूद रहे।

# घाटशिला के जेसी स्कूल का धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाटशिला।** घाटशिला के जगदीश चंद्र उच्च विद्यालय परिसर स्थित आशा ऑडिटोरियम में बुधवार को वार्षिकोत्सव धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष तापस चटर्जी, सचिव मनोरंजन बक्सी, सदस्य उत्तम सिन्हा और नीलू दत्ता तथा प्रधानाध्यापिका रीता मंडल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरूआत झंडातोलन से हुई। छात्र-छात्राओं ने प्रबंधक समिति के सदस्यों का बुके देकर स्वागत किया। प्रबंधक समिति के अध्यक्ष तापस चटर्जी और प्रधानाध्यापिका रीता मंडल ने अपने संबोधन में छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और विद्यालय को इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से सर्वांगीण विकास के प्रति कटिबद्ध बताया।

## घाटशिला में बरगद पेड़ के नीचे नर कंकाल मिलने से सनसनी, पुलिस जांच में जुटी



घाटशिला(आजाद सिपाही)। घाटशिला थाना क्षेत्र के कालचिती पंचायत अंतर्गत धोबनी मौजा में बुधवार को बरगद के पेड़ के नीचे नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू, घाटशिला थाना प्रभारी मधुसुदन दे और समाजसेवी कालीराम शर्मा दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने घटनास्थल से नरकंकाल के अलावा एक टी-शर्ट, हॉफ पैंट, एक जोड़ी चप्पल और पेड़ से लटकता हुआ गमछा बरामद किया। प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस का अनुमान है कि यह कंकाल करीब तीन से चार महीने पुराना हो सकता है। घटनास्थल चारों ओर खेतों से घिरा हुआ इलाका है। जिला परिषद सदस्य देवयानी मुर्मू ने बताया कि नरकंकाल की जानकारी स्थानीय किसानों ने दी थी, फिलहाल कंकाल की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस ने नरकंकाल को एकत्रित कर आगे की जांच के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल है, और पुलिस शिनाख्त और घटना के अन्य पहलुओं की जांच में जुटी हुई है।

# 29.25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला एसडीपीओ समीर सवैया के नेतृत में आदित्यपुर पुलिस टीम ने अवैध कारोवार के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने मुस्लिम बस्ती एच रोड से 29.25 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पूछताछ के बाद दोनों आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया आदित्यपुर मुस्लिम बस्ती में अभियान के दौरान मोहम्मद सारिक और सरताज अंसारी के पास से 29.25 ग्राम ब्राउन शुगर बरामत किया गया। पूछताछ के दौरान उन्होंने ब्राउन शुगर की बिक्री करने की बात कबूल ली है। पकड़े में ब्राउन शुगर की कीमत लगभग 6 लाख आंकी जारही है। फिलहाल पुलिस जांच के बाद दोनो आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी दल में एसडीपीओ समीर सवैया के साथ थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, राग सिंह, जयराम सोनी, रंजीत सिंह, समा सुसारी लकड़ा, आरक्षी राघवेंद्र कुमार सिंह और सशस्त्र बल मौजूद रहे।

## क्षेत्र में नक्सली दर्ज करा रहे हैं अपनी उपस्थिति

# हरिनाखाड़ जंगल में सीरियल पांच आइइडी बम बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता





**गुमला।** आंजन गांव के समीपस्थ हरिनाखाड़ जंगल में माओवादियों द्वारा बिछाये गये पांच आइइडी बम मिलने से एक बार फिर सनसनी फैल गयी है। हालांकि जिले के पुलिस कप्तान शंभू सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने एक बड़े हादसे को टाल दिया। लेकिन इस घटना ने पुलिस को चौंका दिया है। साथ ही ममाओवादियो ने इस सीरियल आईडी बम बिछा कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। पुलिस का मानना है कि वह बम पुलिस बल को क्षति पहुंचाने के उद्देश्य से बिछाया गया था। हरिनाखाड़ जंगल के रास्ते में नक्सलियों द्वारा बिछाये गये दो दो किलो का पांच सीरियल आइइडी बम बरामद किए गये है। यह भी बताया जा रहा है कि बरामद आइइडी बम काफी शक्तिशाली था। बम को डिफ्यूज करने के लिए रांची से बम निरोधक टीम को आना पड़ा। इस टीम ने आइइडी को जमीन से बाहर निकाल कर उसे डिफ्यूज किया। पांच आइइडी बरामद की एसपी शम्भू सिंह ने पुष्टि की है। साथ ही कहा है कि समय पर मिली सूचना के आधार पर आईईडी को बरामद किया गया है। एसपी ने कहा माओवादियों की मंशा को कभी कामयाब होने नही दिया जायेगा। एसपी ने कहा कि आईईडी बिछाने में पूर्व में मारे गए अथवा पकड़े गए नक्सलियों का हाथ होने की सम्भवना है। ऐसे पुलिस इसका पता लगाने में जुटी हुई है। बताया जाता है कि क्षेत्र में बचे नक्सली रविंद्र गंझू की तलाश में जिले की पुलिस लगातार उनके छुपने वाले ठिकानों पर दबिश बनाये हुए है।

फिर सूचना बम निरोधक टीम को दी गयी। टीम देर रात को गुमला पहुंची। मगर रात होने के कारण मौके पर नही पहुंची। इधर बुधवार को सुबह 11 बजे टीम मौके पर पहुंच कर एक एक कर पांच आईईडी को बरामद कर उसे जमीन से निकलने के बाद डिफ्यूज कर दिया। आइइडी को डिफ्यूज किये जाने के दौरान उसकी आवाज से पूरा इलाका थर्रा उठा। करीब पांच किमी दूर तक विस्फोट की आवाज सुनायी दी। सभी आइइडी को सीरियल तरीके से प्लांट किया गया था। नक्सलियों की मंशा पुलिस को बड़ी क्षति पहुंचाने की थी। चूंकि हाल के दिनों में नक्सलियों के धर पकड़ को लेकर उक्त इलाके में पुलिस मूवमेंट काफी बढ़ गया था।बम निरोधक टीम यह भी पता लगाने का प्रयास में जुटी थी कि आइइडी बम को पूर्व में या हाल के दिनों में विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से प्लांट किया गया था।

# कांग्रेसियों ने केक काट कर मनाया जीत का जश्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** स्थानीय गुमला परिसदन में कांग्रेसियों ने राज्य में सरकार बनने की खुशी में जश्न मनाया। झारखंड में गठबंधन की सरकार बनने पर कांग्रेसियों ने केक काटा, मिठाई खिलाई और एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। गुमला असंगठित कामगार कांग्रेस की टीम और सेवादल की टीम ने अपनी टीम के सभी साथियों के साथ जीत का जश्न मनाया। असंगठित कामगार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मुख्तार आलम ने कहा कि झारखंड में फिर एक बार गठबंधन की सरकार बनी है। गठबंधन की सरकार को जनता ने अपार बहुमत के साथ विजय दिलाया है। झारखंड में गठबंधन की सरकार ने विभिन्न कार्यकारी योजनाओं को चलाया।

जैसे मंईया सम्मान योजना, अबुआ आवास, मुख्यमंत्री बेरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री चिकित्सा योजना, सावित्रीबाई फुलों देवी इस तरह की योजनाओं को झारखंड की जनता ने बेहद पसंद किया। सेवादल कांग्रेस जिलाध्यक्ष कलाम आलम ने कहा कि यह सरकार गरीबों की सरकार है। सदैव अपनी जिम्मेवारी को निभाते आयी है। मोदी जी का मोदी मैजिक पूरी तरह झारखंड में फेल हो चुका है और अब इसी तरह मोदी मैजिक हर राज्यों में फेल होगी। कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव जैस्मिन लुगुन ने कहा कि यह सरकार अपने सराहनीय कार्यों से एक अच्छी पहचान बनायी है। गठबंधन की सरकार को कोई हिला नहीं सकता। भाजपा की सरकार सिर्फ जुमलेबाजी की सरकार बनकर रह गयी। भाजपा ने देश की जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है। मौके पर मो इनायत, मो राजा, अनिता कुमारी, रेनू लकड़ा, मो सोनू ,मो आरजू, राजन आलम, राजेंद्र मिंज, साजिद कलाम पुष्पा कुमारी, बल्का भगत सहित कई कांग्रेसी मौजूद थे।

# अज्ञात दो वाहनों में अपराधियों ने लगायी आग

## दो थाना क्षेत्रों में अब तक पांच वाहनों को लगा चुके हैं आग

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिले में इन दिनों बेखौफ अज्ञात अपराधियो द्वारा घरों के बाहर खड़े वाहनों को आग के हवाले किये जाने से वाहन मालिकों में दहशत व हड़कंप व्याप्त है। बेखौफ अपराधियो द्वारा हाल के दिनों में दो थाना क्षेत्रों यथा घाघरा औा गुमला में पांच वाहनों को आग के हवाले किया जा चुका है। ताजा घटना मंगलवार को देर रात का है। शहर से सटे करम टोली सरहुल नगर में अपराधियो ने यहां देर रात करीब साढ़े बारह बजे घर के बाहर खड़े किये गये दो प्राइवेट स्कूल वाहनों को आग के हवाले कर दिया।इस आगजनी में एक एको कार व एक टाटा मैजिक वाहन जलकर खाक हो गया। दोनो वाहन अलग-अलग प्राइवेट स्कूलों में बच्चो को लाने ले जाने में उपयोग किया जाता था। घटना के बाद करम टोली सरहुल नगर के निवासी थाना पहुंच कर अपराधियो को गिरफ्तार करने की मांग की। गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी। घटना से आक्रोशित लोगों का कहना था कि आगजनी की जो घटना घटी है उस घटना से सभी दहशत में तो है ही मगर आगे होने वाले संभावित घटनाओ को लेकर ज्यादा दहशत में है। वाहन के मालिक समीर केरकेट्टा ने बताया कि मंगलवार को देर शाम वह प्रत्येक दिन की भांति स्कूल ड्यूटी कर अपने दोनो स्कूल वाहन को सड़क के गली में लगा कर किराये के मकान में चला गया था। फिर खाना खाने के बाद वह सो गया था। तभी रात करीब साढ़े बारह बजे वाहनों में अज्ञात अपराधियो द्वारा आग लगा दिया गया। अगलगी के बाद वाहनों का टायर ब्लास्ट करने के बाद जब अगल बगल के लोग नींद से जगकर बाहर निकले तो आग लगा देख समीर को जानकारी दी। इसके बाद समीर और मोहल्ले के लोग घरों से बाहर निकल कर आग बुझाने का प्रयास किया।मगर तब तक काफी देर हो चुका था।आग की लपटें वाहनों के टंकी तक पहुंच गयी थी।

जिसके कारण धधक धधक कर वाहन जल गये। फिर घटना की सूचना रात में ही पुलिस को दी गयी। रात में ही पीसीआर घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की छानबीन शुरू की। मालिक ने बताया कि दो स्कूल वैन में एक टाटा मैजिक और एक मारुति सुजुकी इको था। जिसे एक वर्ष पूर्व वे खरीदे थे। दोनों वैन से सिर्फ स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचाने और लाने का काम होता था। और उससे प्राप्त आमदनी से ही वह अपने परिवार का परवरिश करता था। दोनों वाहनों को आग के हवाले कर दिये जाने से मालिक समीर काफी दुःखी था। उसने कहा कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। वह किसी से कोई ताल्लुक भी नही रखता था।इको वाहन को वह हाल में ही फाइनेंस कर खरीदा था। और उससे प्राप्त आय से लोन चुकता करता था। आगजनी के बाद बुधवार को वाहनों से स्कूल जाने वाले बच्चो को भी परेशानी झेलनी पड़ी।समीर ने कहा कि वह डुमरी दवना पाठ का रहने वाला है। तथा विगत पांच साल से सरहुल नगर गुमला में किराए के मकान में रहकर स्कूल वैन चलाकर जी रहा था। समीर ने जिला प्रसाशन से मदद की गुहार लगाते हुए सदर थाना में आवेदन देकर अज्ञात अप्राधियो के उपर प्राथमिकी दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि बीते दिनों इसी तरह जिले के घाघरा थाना में भी घर के बाहर खड़े तीन वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया था। घाघरा में घटित घटना को भी रात के साढ़े बारह बजे ही अंजाम दिया गया था।

# सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी में वार्षिक खेलकूद का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन घाघरा थाना से थाना प्रभारी और पुलिस अधिकारियों ने मशाल जलाकर किया। मशाल लेकर बच्चे दौड़ते हुए पुनः सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी पहुंचे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो, कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे शामिल हुए। विद्यालय के बच्चों के बीच 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, लांग जंप, हाई जंप, फायर जंप, बोरा रेस, कुर्सी रेस सहित कई तरह के प्रतियोगिता करायी गयी। वही बच्चों द्वारा खुद से खाने के समान बनाकर स्टॉल लगायी,और खरीदारी भी की गयी। मौके पर बीपीओ पुष्पा टोप्पो ने कहा कि विद्यालय में बच्चों का सर्वांगीण विकास हो।

खेलकूद के क्षेत्र में भी लोग अपना करियर बना रहे हैं। आप अनुशासन में रहकर खेलकूद में आगे बढ़े और अपने परिवार विद्यालय जिला और राज्य का नाम रोशन करें। कल्याणकारी मानव विकास संस्थान के सचिव अनिरुद्ध चौबे ने कहा कि बच्चों में दृढ़ इच्छा होनी चाहिए बच्चे बेहतर करते हैं और आगे बढ़ते हैं। अतिथियों द्वारा प्रथम से तृतीय स्थान तक आने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में विद्यालय की सचिव अंकिता, प्राचार्य चंद्रकांत पाठक, रूपेश साहू, आकाश साहू, सुरेश साहू सहित कई अभिभावक बच्चे बच्चिया उपस्थित थे।

# पुराने डीसी कार्यालय के समीप हुई चोरी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर में इन दिनों चोरी की घटना बढ़ते जा रही है। चोर आम तो आम अब खास जगहों को भी निशाना बनाने से नही चूक रहे है। ताजा मामला पुराना डीसी और प्रखंड कार्यालय परिसर का है। चोरो ने यहां सरकारी कमरे में रखे गये जेरेडा कंपनी के सोलर प्लेट समेत अन्य मंहगे उपकरणों को चुरा कर आसानी से भाग निकले। हालांकि जिस जगह पर चोरी हुई है उसके ठीक बगल के बिल्डिंग में एसडीपीओ समेत अन्य पदाधिकारियों का भी कार्यालय है। यह चोरी की घटना शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। चूंकि जिस सरकारी कमरे से चोरी हुई है उसके कर्मी भी घटना की रात सदर थाना में सोलर प्लेट आधारित लाइट लगाने के काम मे जुटे हुए थे। बहरहाल पूरे घटना को लेकर जेरेडा के कर्मी संतोष कुमार सिंह ने थाना में लिखित आवेदन देकर चोरो के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। थाना में दिये आवेदन में संतोष ने कहा है कि जेरेडा रांची से सोलर प्लेट आधारित लाइट लगाने का काम गुमला जिला में मिला है। दो टीम गुमला पहुँच कर लाइट लगाने का काम कर रही है।दोनो टीम दो दिन से सदर थाना में ही रहकर लाइट लगा रहे है। तभी बीते मंगलवार को देर शाम जब वे लोग थाना से काम कर वापस लौटे तो देखा कि ब्लॉक परिसर स्थित सरकारी कमरे में बनाये गए स्टोर रूम सह कमरे का सामान बिखरा पड़ा हुआ है। इसके बाद देखा कि रूम से चार कार्टून सोलर प्लेट जिसमे 24 पीस सोलर था, तार 500 मीटर, गैस टकी, 36 बंडल तार अर्थात 3600 मीटर, अग्नि फायर एक पीस, एक ड्रिल मशीन, बैटरी एक पैकेट अर्थात छह पीस व 3600 नगद राशि गायब है।

# राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**गुमला (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की तीन छात्राओं ने डीवीसी द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय परिवार ने उन्हे सम्मानित किया। डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की इन तीनों छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए किया गया था। डीवीसी की नोडल ऑफि सर डॉ संध्या दास ने जानकारी दी कि झारखंडभर के 176 विद्यालयों के 16,000 से ज्यादा विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें सौ विद्यार्थियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला की तीन छात्राओं क्रमशः ग्रुप ए में अद्वेता आहना मैती और रितु श्रेया और ग्रुप बी में जाहंवी लाल का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया था। यह प्रतियोगिता ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 26 नवंबर 2024 को पलाश ऑडिटोरियम, डोरंडा, रांची में आयोजित की गयी। सभी योग्य प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी के साथ 2000 रुपये का नकद पुरस्कार मिला है। बुधवार को वंदना सभा में प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने तीनों को मेमेंटो और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर उनके मेंटर शिक्षक पार्थ प्रतिम मैती भी उपस्थित थे।

# भाजपा जिला अध्यक्ष ने जताया आभार



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाजपा के जिला अध्यक्ष विनय कुमार लाल ने भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारियो कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होनें कहा कि जिस परिस्थिति में उन्हें अक्टूबर 2024 को भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनित किया गया था, उस के अनुसार उन्होंने इस चुनाव जितना सम्भव था उससे भी अधिक परिश्रम कर अपने तीनो प्रत्याशियों को को जिताने के लिए जी तोड़ मेहनत की। जिसका परिणाम रहा कि हमारे प्रत्याशी और भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास कर जिला की जनता ने हम सबो के पक्ष में वोट दिया। उन्होंने आगे कहा कि जैसा कि उनके मनोनयन के साथ ही उन्होंने ने प्रदेश में कहा था कि वे इस पद के लिए अपने आप को उपयुक्त नहीं समझते हैं। उन्होंने यह कहा कि जिन लोगों ने उन पर और भारतीय जनता पार्टी पर विश्वाश करते हुए अपार सहयोग किया, इसके लिए वे सभी लोगों के आभारी हैं और उन्हें धन्यवाद देते हैं। उन्होंने सभी मीडिया बंधुओ और प्रशासन के पदाधिकारी को भी भारतीय जनता पार्टी की तरफ से धन्यवाद दिया।

# जिला शिक्षा अधीक्षक ने छात्रों और अभिभावकों को दिये सफलता के टिप्स



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्थानीय मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, गुमला में बुधवार को जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खां की अध्यक्षता में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य कक्षा 10वीं और 12वीं की आगामी बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत उत्तीर्णता सुनिश्चित करने के लिए अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करना था। संगोष्ठी में स्कूल मैनेजर पी पी गुप्ता, प्रधानाध्यापक सुनील टोप्पो, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति खलखो और बीपीओ श्री दिलदार सिंह ने भी भाग लिया। जिला शिक्षा अधीक्षक ने समय पर पाठ्यक्रम पूरा कराने और छात्रों की नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने छात्रों को घर पर स्वाध्याय करने और अभिभावकों को इसमें सहयोग करने के टिप्स दिये। स्कूल मैनेजर ने बोर्ड परीक्षा की अंक प्रणाली और उत्तीर्णता पर मार्गदर्शन कराया। विद्यालय के विज्ञान, वाणिज्य, और कला संकाय के शिक्षकों ने छात्रों की प्रगति और विषयगत प्रदर्शन की जानकारी दी।

# बालू नहीं मिलने से अबुआ आवास बनाने में कठिनाई, खंडहर में रहने को हैं मजबूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** चैनपुर में बालू की किल्लत से आवास बना रहे लाभुकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।तो कोई आवास पूर्ण नहीं होने के कारण किराया में रूम लेकर रहने को मजबूर हैं तो कोई खंडहर पड़े भवन में दिन रात बिताने को मजबूर। यह हाल है चैनपुर आजाद बस्ती की रहने वाली असगरी खातून का जो फिलहाल खंडहर में रहने को मजबूर है जहां ना तो खिड़की है और ना तो दरवाजा । उन्होंने कहा कि इससे तो अच्छा होता कि सरकार हमको मिट्टी के घर में ही रहने देता।कम से कम इतने ठंड में अपने घर में रहते छोटे बच्चों को ठंड का सामना नहीं करना पड़ता। बालू की किल्लत से आवास पूर्ण नहीं हो पा रहा है और प्रखंड कर्मी हर दो दिनों में आकर आवास को जल्दी बना कर पूर्ण कीजिए ऊपर से बहुत दबाव है बोल कर चले जाते है लेकिन बालू नहीं मिलने के कारण अबुआ आवास को कैसे पूर्ण किया जाये। ट्रैक्टर मालिक के पास जाते है तो बोलता है कि अभी प्रशासन की तरफ से काफी धर पकड़ हो रहा है इसलिए नहीं गिरा पायेंगे। तो ऐसे में अबुआ आवास को कैसे पूर्ण करें इसके लिए उन्होंने प्रशासन से मदद की गुहार भी लगायी है ।

## क्या है अबुआ आवास योजना

अबुआ आवास योजना झारखंड सरकार द्वारा झारखण्ड राज्य के गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध करने हेतु शुरू की गयी राज्यस्तरीय आवास योजना है। इस योजना के तहत उन सभी परिवारों को तीन कमरों वाला पक्का मकान दिया जाता है, जिनके पास पक्का मकान नहीं है। सरकार की तरफ से इस योजना के तहत पक्का मकान बनाने के लिए दो लाख का आर्थिक मदद दिया जाता है। अबुआ आवास योजना का उद्देश्य उन लोगों को घर उपलब्ध कराना है जो प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना (पीएमजीएवाई) के तहत लाभ से वंचित थे।

# घाघरा मिडिल स्कूल में किशोर किशोरी कल्याण दिवस पर कार्यक्रम आयोजन



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा घाघरा मिडिल स्कूल प्रांगण में किशोरा किशोरी कल्याण दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के निमित किशोर और किशोरी के उम्र के दरमियान होने वाले बदलाव संबंधित कई जानकारी दिया गया। साथ ही कम उम्र में होने वाले विवाह के नुकसान की जानकारी दी गयी। वहीं किशोर किशोरी के बीच स्वास्थ्य विभाग से संबंधित कई प्रश्न पूछे गये और सही उत्तर देने वाले किशोर किशोरी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मौके पर एएनएम रेणुका टेटे ने कहां कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा किशोर किशोरी कल्याण दिवस के रूप में उक्त कार्यक्रम को मनाया जा रहा है। जिसमें किशोर किशोरी को कम उम्र में होने वाले विवाह, संबंधित कई बीमारी की जानकारी दी गयी है और उससे संबंधित प्रश्न के उत्तर पूछे गये। मौके पर सहिया साथी संजोती देवी, स्वास्थ्य सहिया हेमंती देवी, संध्या देवी, कविता देवी, पुष्पा देवी, सुशीला देवी, निशा कुमारी सहित कई स्वास्थ्य सहिया किशोर किशोरी उपस्थित थे।

# एसआइ गणेश कुमार दास के नेतृत्व में एंटी वाहन जांच अभियान चलाया गया



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक गुमला के निदेर्शानुसार घाघरा थाना के गेट के समीप एसआइ गणेश कुमार दास के नेतृत्व में एंटी वाहन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें सभी दो पहिया वाहन का ड्राइविंग लाइसेंस इंसुरेंस और हेलमेट की जांच की गयी और सभी तरह के वाहन से संबन्धित कागजात की जांच की गयी। वहीं एसआई गणेश कुमार दास ने बताया की बढ़ये सड़क दुर्घटना और गुमला पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार बिना हेलमेट पहने हुए मोटरसाइकिल चालकों की चेकिंग की जा रही है जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट पहने हुए और शराब पीकर वाहन चला रहे हैं। वैसे वाहन चालक पकड़े गये तो उसपर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# जेएससीए अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में कोडरमा ने जामताड़ा को हराया

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** जिला मुख्यालय स्थित शहीद तेलंगा खड़िया क्रिकेट स्टेडियम मे चल रहे जे एससीए अंतर जिला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गये मुकाबले में कोडरमा ने जामताड़ा को 117 रनो से पराजित कर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोडरमा की पूरी टीम 36.2 ओवरो में 178 रनो का स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रिंस कुमार ने पांच चौके के सहारे सर्वाधिक 38 रनो की पारी खेली। तंमय कुमार 19, हमजा समीर 16, हार्दिक 14 और सुजल कुमार ने 18रनो का सहयोग किया। वहीं जामताड़ा की ओर से कमर अंसारी ने साथ ओवर में 29रन देकर चार विकेट हासिल किये। अब्दुल, सकिल अहमद और शुशांत ने एक-एक विकेट अर्जित किया। जबाबी पारी खेलने उतरी जामताड़ा की पूरी टीम 17.5 ओवरो में महज 61 रनो पर ही सिमट गयी।

टीम की ओर से अंकित कुमार ने 22रन बनाये। कोडरमा की ओर से प्रिंस ने 4.5 ओवर में 24 रन खर्च कर चार विकेट हासिल किया, हमजा ने दो और सत्यम और शौर्य ने एक-एक विकेट हासिल किया। बल्ले और गेंद के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कोडरमा के प्रिंस कुमार मैन ऑफ द मैच बने। टीआरडीओ रोनित सिंह, अंपायर प्रशांत कुमार, रमेश कुमार, स्कोरर शशिभूषण और जिला संघ के सचिव जीतेंद्र कुमार सिंह ने प्लेयर ऑफ द मैच प्रिंस को ट्रॉफी और पांच हजार कैशमनी देकर पुरस्कृत किया। गुरुवार को सरायकेला-खरसावां का मुकाबला जामताड़ा के साथ होगा।

# दो मोबाइल चोर गिरफ्तार

## चोरी के 23 फोन बरामद



संवाददाता सम्मेलन कर जारकारी देते पुलिस निरीक्षक और ओपी प्रभारी।

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** देवरी ओपी पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि देवरी खुर्द निवासी उपेंद्र कुमार मेहता सस्ते दामो पर मोबाइल फोन बेच रहा है। उस पर आसपास व ट्रेनों से मोबाइल फोन चोरी करने का भी आरोप है, जिसके पास अभी भी कई फोन मौजूद है। उक्त सूचना के बाद देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने दलबल के साथ छापामारी कर उसके दबोच लिया। उसके पास से 23 फोन बरामद किया गया। जिसमें उपेंद्र कुमार मेहता के पास से 18 मोबाइल और उसकी निशानदेही पर उसके दोस्त अशोक पासवान के पास से पांच फोन बरामद किया गया। हुसैनाबाद अंचल पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने बुधवार को थाना में संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि गिरफ्तार आरोपित अपने आसपास के क्षेत्रों व ट्रेनों से मोबाइल फोन चोरी करता था, इसके विरुद्ध रेल थाना कोडरमा व रेल थाना धनबाद में कांड संख्या दर्ज है। इस दोनों आरोपितों के पास से कुल 23 मोबाइल फोन बरामद किया गया है। छापामारी दल में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, एएसआई अखिलेश कुमार सहित आरक्षी शामिल रहे।

# रेलमंत्री से मिल कर पलामू सांसद ने की अपने क्षेत्र में ट्रेनों के ठहराव और फेरा बढ़ाने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने अपने संसदीय क्षेत्र अंतर्गत रेलवे से संबंधित मांगों को उठाया। साथ ही रेल मंत्री से भी मुलाकात की। बताया कि रेल मंत्री से 12453/12454 रांची-नई-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का नगर उंटारी (श्री बंशीधर नगर) रेलवे स्टेशन पर ठहराव, वंदे भारत ट्रेन को रांची से डालटनगंज, गढ़वा रोड़ एवं जपला होते हुए वाराणसी तक चलाने, पटना-सिंगरौली एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 23347/23348 एवं शक्तिपुंज एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 11447/11448 का मेराल रेलवे स्टेशन पर ठहराव, पलामू एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13347/13348 का रजहरा स्टेशन पर ठहराव, गरीब रथ ट्रेन संख्या 12877/12878 का मोहम्मदगंज पर ठहराव, रांची-नई-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12453/12454 वाया डालटनगंज होकर सप्ताह में दो दिन चलती है उसे चार दिन चलाने, रांची-नई दिल्ली गरीब रथ ट्रेन 12877/12878 को सप्ताह में छह दिन चलाने, रांची-वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18311/18611 रांची से वाराणसी तक चलती है उसे गोरखपुर तक विस्तार करने, झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873/12874 का ठंड के मौसम में कोहरे का बहाना बनाकर वर्षों से परिचालन रद्द कर दिया जाता है। इस बार भी दो दिसंबर 2024 से 10 जनवरी 2025 तक बंद करने का रेलवे बोर्ड ने निर्णय लिया है। उसे रद्द करते हुए झारखंड स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन जारी रखने, रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18635/18636 के जेनरल कोच की संख्या बढ़ाने, शक्तिपुंज ट्रेन संख्या 11447/11448 जो हावड़ा से जबलपुर वाया डालटनगंज होकर चलती है उसे मुंबई तक विस्तारित करने और रांची वाया डालटनगंज होकर गोरखपुर तक एक नई ट्रेन चलाने की मांग की गयी है। ताकि लोगों की समस्याओं का निदान हो सके।

## बीपीएससी परीक्षा में सफलता पर जिप सदस्य ने दी बधाई

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भइसना के स्वर्गीय रामसुंदर मेहता की छोटी पुत्रबधू खुशबू कुमारी ने बीपीएससी अध्यापक चयन परीक्षा में सफलता पाई हैं। इस पर हुसैनाबाद उत्तरी जीप सदस्य राजू मेहता ने उनके घर जाकर मिठाई खिलाकर व शॉल देकर सम्मानित किया। कहा कि यह हमसभी के लिए गर्व का पल है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
(प्रथम आमंत्रण)

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/सिमडेगा/11/2024–25 दिनांक–26.11.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | "लचरागढ़(NH-320G पर)–इन्दटॉन्ड–कारीमाटी–खरवागढ़हा–बारीबिरिंगा–ओरगा (MDR-042 पर) पथ (कनोरवा रेलवे स्टेशन के पहुँच पथ सहित) –कुल लंबाई 15.990 कि.मी. का पुनर्निर्माण कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपया में) | रूपया 63,61,06,000.00 (तिरसठ करोड़ एकसठ लाख छः हजार) मात्र। |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18 माह। |
| 4. | बेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.12.2024 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से। |
| 5 | ऑनलाईन निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 19.12.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक। |
| 6. | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 20.12.2024 को अपराह्न 12.30 बजे तक। |
| 7. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा–835223 |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 82358–16924 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2401010 |

नोट :–1. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।
2. विशेष जानकारी के लिये http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
3. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–श्शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी जवाबदेही आपकी होगी।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, सिमडेगा

PR.NO.340393 Simdega(24-25):D


# बच्चों को दिये जा रहे स्वेटरों की गुणवत्ता की लगातार मिल रही शिकायतें: डीडीसी

## डीडीसी ने किया प्रखंड सह अंचल कार्यालय का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

**विकास योजनाओं की समीक्षा की, आंगनबाड़ी केंद्रों का भी किया औचक निरीक्षण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



विभिन्न विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश देते डीडीसी मो साबिर अहमद।

**विश्रामपुर/पलामू।** पलामू के डीडीसी मो साबिर अहमद ने बुधवार को विश्रामपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मियों को कई निर्देश भी दिया। उन्होंने प्रखंड कार्यालय सभागार में पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक भी की। जिसमें मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, अबुआ आवास सहित कई विकास योजनाओं की समीक्षा की। इसके बाद डीडीसी ने नप क्षेत्र के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के बीच वितरित किए गए स्वेटरों की गुणवत्ता की जांच की। कहा कि स्वेटर की गुणवत्ता की शिकायत मिली थी, जिसके आलोक में जांच की गयी है। इस मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रसाद, बीडीओ राजीव कुमार सिंह, सीओ राकेश तिवारी और सेविका शारदा मिश्रा आदि मौजूद थे।


## कार्यालय नगर पंचायत डोमचाँच (कोडरमा)

घोषणा पत्र

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत डोमचॉच क्षेत्र अंतर्गत सभी 14 वार्ड को ODF घोषित किया जाता है।

उक्त के आलोक में यदि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार कि आपति/प्रतिक्रिया हो तो वह 07 दिनों के अन्दर अपना आपति/प्रतिक्रिया कार्यालय नगर पंचायत डोमचॉच में कार्यालय अवधि में जमा कर सकते है। उक्त अवधि के उपरांत किसी भी प्रकार की आपति/प्रतिक्रिया कार्यालय द्वारा स्वीकार किया जाना संभव नहीं हो सकेगा।

ह0–
प्रशासक,
नगर,पंचायत डोमचाँच।

PR 340475 Urban Development(24-25)D


## संविधान दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज में संविधान दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को बुधवार को पुरस्कृत किया गया। इसके लिए आरसीआइटी सभागार में बुधवार को एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने विजेताओं को पुरष्कृत किया। बताते चलें कि संविधान दिवस पर आरसीआईटी में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। जिसमें असगर अली को प्रथम, सिद्धार्थ कुमार सिंह को द्वितीय और शिखा कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ था। इस अवसर पर डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि संविधान में देशवासियों को अधिकार और कर्तव्य दोनों के बारे में उल्लेख किया गया है। संविधान सभी देशवासियों को बराबरी का अधिकार देता है। जिसकी चर्चा तो सभी करते हैं, लेकिन देश के प्रति अपने कर्तव्यों को भूल जाते हैं। लोगों को संविधान में बताए कर्तव्यों को भी समझना चाहिए। इस मौके पर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रमुख मनीषा सिंह, डिप्टी डायरेक्टर अनुराग चंद्रवंशी, प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र कुमार, इंजीनियरिंग फैकेल्टी डीन डॉ अविनाश कुमार, धीरज कुमार सिंह और डॉ ममता कुमारी आदि मौजूद थे।

## गर्ल्स हाइस्कूल परिसर में फैली गंदगी से छात्राओं-शिक्षकों की बढ़ी परेशानी



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज शहर के महावीर मंदिर के पीछे बालिका उच्च विद्यालय परिसर में आसपास के लोग मलमूत्र त्याग कर गंदगी फैला रहे हैं। जिससे अध्यनरत छात्राओं और शिक्षकों को काफी परेशानी हो रही है। इस संबंध में बुधवार को प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय की घेराबंदी नहीं होने से असमाजिक तत्वों के लोग गंदगी फैला रहे हैं। परिसर में स्थित शौचालय के आसपास और परिसर में भी मलमूत्र त्याग कर दिया जा रहा है। जिससे छात्राओं को पठन पाठन और शौचालय आने-जाने में दिक्कतें आ रही हैं। इस पर ना तो शहर के प्रबुद्ध लोगों, समाजसेवियों और ना ही किसी जनप्रतिनिधियों का ध्यान है। उधर, कई लोगों का कहना है कि विद्यालय प्रांगण में गंदगी फैला रहे कुछ असमाजिक तत्वों के विरुद्ध जब तक कार्रवाई नहीं होगी, तब तक गंदगी से मुक्ति मिलना संभव नहीं है।

# तिल का अवैध कारोबार कर रहे लोगों पर होगी कार्रवाई : सीओ

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** पलामू जिले के हरिहरगंज और सीमा क्षेत्रों में तिल का अवैध कारोबार कर रहे कारोबारियों पर जल्द कार्रवाई होगी। उक्त जानकारी हरिहरगंज अंचल अधिकारी मनीष कुमार सिन्हा ने बुधवार को दी है। उन्होंने कहा कि हरिहरगंज और सीमा क्षेत्र में चल रहे अवैध तिल मिल की जांच कर सभी जगह की तस्वीर, वीडियो बना ली गयी है। क्षेत्र में तिल मिल का कारोबार होने से वायु प्रदूषण फैल रहा है। कारोबारी नदी, नाले और नहर में केमिकल युक्त पानी बहाने से वायू के साथ जल प्रदूषण फैल रहा है। साथ ही इसके प्रभाव से आसपास के लोगों और मवेशियों के बीमार होने की शिकायत मिली है। इसे देखते हुए अग्रतर कार्रवाई के लिए अनुमंडल पदाधिकारी को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है।

# फरार आरोपित के घर पुलिस ने चिपकाया नोटिस



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना में कांड संख्या 05/2024 के प्राथमिक अभियुक्त रसीद अंसारी के पुत्र इरफान अंसारी के घर बुधवार को पुलिस ने इस्तिहार चिपकाया। रेहला थाना के एएसआई कुशेश्वर सिंह ने बताया कि इरफान अंसारी फरार चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर गढ़वा जिला के मेराल थाना क्षेत्र में स्थित उसके पैतृक घर पर जाकर इस्तिहार चिपकाया। उसके परिजनों को स्पष्ट बता दिया कि अगर उसने जल्द ही आत्मसमर्पण नहीं किया तो कोर्ट के निर्देश पर कुर्की जब्ती की भी कार्रवाई की जा सकती है।

# सहियाओं को दिया गया फैमिली प्लानिंग का प्रशिक्षण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद अस्पताल में बुधवार को चिकित्सा प्रभारी डॉ विनेश कुमार की उपस्थिति में सहिया साथी को फैमिली प्लानिंग, लॉजिस्टिक मैनेजमेंट व इनफॉर्मेशन सिस्टम का प्रशिक्षण दिया गया। इसके माध्यम से सभी सहिया परिवार नियोजन के साधनों का ऑनलाइन मांग अपनी-अपनी एएनएम को उपलब्ध कराएंगी। जिसका आवंटन योग्य दंपतियों को करेंगी। पूरे सप्लाई चैन का ऑनलाइन ट्रैकिंग किया जायेगा। इस मौके पर बीपीएम विभूति कुमार गुप्ता, फैमिली प्लानिंग के बीटीटी जलेश्वर राम, परिवार कल्याण कार्यकर्ता सचितानंद, रिंकू देवी, राजमणि पंडित, अनीता मनोहर, सरस्वती देवी, शिवा ओझा और संगीता देवी आदि उपस्थित थे।


## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा। (जिला नीलाम पत्र शाखा)

आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नीलाम पत्र शाखा समाहरणालय भवन, चतरा द्वारा निम्नलिखित बकायेदारों को नोटिस दिये जाने के बावजूद निर्धारित तिथि को उन्होनें न ही अपना पक्ष रखा और न ही बकाया राशि जमा किया गया।

अतः आदेश दिया जाता है कि निम्नलिखित निर्धारित तिथि एवं समय पर (कॉलम 7) जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा उनके विरूद्ध राशि वसूली की धारा– 38 के तहत नियमानुसार वारंट निर्गत कर राशि वसूली की जायेगी। इसके लिए पूरी जिम्मेदारी बकायेदारों की होगी।

| क. स. | नाम | वाद संख्या | राशि | बैंक/संस्था | पूर्व में निर्धारित तिथि | अगली निर्धारित तिथि समय–11:30 पूर्वाह्न |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | **श्रीमति किरण यादव,** पति–श्री अरूण कु0 यादव | 1939/21–22 | 6,00,000/– | जिला जल एवं स्वच्छता समिति, चतरा। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 02 | **श्रीमति हमीदा बीबी, अध्यक्ष–**महिला समख्या महिला समूह प्रतापपुर। | 1964/21–22 | 6,00,000/– | जिला जल एवं स्वच्छता समिति, चतरा। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 03 | **श्री बबलु पासवन,** पिता–बैजनाथ राम | 199/19–20 | 7,66,578/– | बैंक ऑफ इंडिया, टंडवा। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 04 | **श्री संतोष कुमार दांगी,** पिता–श्री ब्रह्मदेव दांगी | 206/19–20 | 1,74,427/– | बैंक ऑफ इंडिया, ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 05 | **श्री सुधीर कुमार सिंह,** पिता–श्री विजय प्रसाद राम | 204/19–20 | 80,268/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 06 | **श्री मंटू कुमार दांगी,** पिता–श्री विजय दांगी | 205/19–20 | 2,03,770/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 07 | **श्री राजु राम,** पिता–स्व0 नकुल राम | 221/19–20 | 82,808/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 08 | **श्री मुंषी राणा,** पिता–श्री नाजो राणा | 257/18–19 | 60,470/– | बैंक ऑफ इंडिया, शहरजाम | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 09 | **श्री सुरजदेव प्र0 दांगी,** पिता–श्री बुधन दांगी | 288/18–19 | 62,629/– | बैंक ऑफ इंडिया, शहरजाम | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 10 | **श्रीमति रबिया खातुन,** पति–श्री जियाउल खलिफा | 259/18–19 | 2,12,355/– | बैंक ऑफ इंडिया, शहरजाम | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 11 | **श्री तिरथ कुमार,** पिता–श्री अर्जुन दांगी | 260/18–19 | 93,177/– | बैंक ऑफ इंडिया, शहरजाम | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 12 | **श्री नकुलदेव सिंह,** पति–स्व0 भुवनेष्वर सिंह | 224/19–20 | 89,230/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 13 | **श्रीमति पुनम देवी,** पति–प्रयाग साहू | 223/19–20 | 72,060/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 14 | **श्री मंटु प्रसाद राम,** पिता–विजय प्रसाद राम | 225/19–20 | 93,598/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 15 | **श्री मनोज कुमार यादव,** पिता–टहल यादव | 226/19–20 | 83,942/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 16 | **श्री जगदीष दांगी,** पिता–स्व0 चुरामन महतो | 228/19–20 | 69,386/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 17 | **श्री दीपक कुमार,** पिता–श्री ब्रहादेव सिंह | 229/19–20 | 69,632/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 29.10.2024 |
| 18 | **बिनोद सिंह** पिता– श्री बबन सिंह | 230/19–20 | 69,368/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 19 | **श्री अमेरिका सिंह,** पिता–श्री स्व त्रिभुवन सिंह | 234/19–20 | 75,763/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 20 | **श्री बंटी राय,** पिता–श्री रामदेव राय | 231/19–20 | 75,763/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 21 | **श्रीमति बबीता देवी,** पति–राजू राणा | 232/19–20 | 70,094/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 22 | **श्री शंकर कुमार,** पिता–श्री विषुनदेव महतो | 236/19–20 | 74,443/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 23 | **श्री संजय कुमार दांगी,** पिता– श्री बासुदेव दांगी | 207/19–20 | 1,58,063/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 24 | **श्री रामस्वरूप राम,** पिता–श्री मुसन राम | 208/19–20 | 1,59,457/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 25 | **श्री पप्पू कुमार,** पिता–श्री सुखदेव राम | 209/19–20 | 1,26,373/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 26 | **मो0 फिरोज,** पिता–मो0 मुस्तकीम | 211/19–20 | 2,04,265/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 27 | **जय कुमार दास,** पिता– मेघन रविदास | 212/19–20 | 2,25,365/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 28 | **श्री राजेष प्रसाद,** पिता–श्री स्व0 हरि साव | 213/19–20 | 2,07,661/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 29 | **श्रीमति सुषमा देवी** पति– अवध किषोर सिंह | 215/19–20 | 72,588/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 30 | **श्री शिवकुमार सिंह,** पिता–श्री कपिलदेव सिंह | 217/19–20 | 79,361/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 31 | **श्री समीर कुमार,** पिता–श्री निर्मल कुमार सिन्हा | 218/19–20 | 88,007/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 32 | **श्री रामप्रवेष कुमार सिंह,** पिता–सुधीर सिंह | 220/19–20 | 90,201/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 33 | **श्री अजित राम,** पिता– नरेष राम | 235/19–20 | 73,527/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |
| 34 | **श्री सुनील कुमार,** पिता–श्री नरेष राम | 216/19–20 | 90,800/– | बैंक ऑफ इंडिया ईटखोरी। | 22.08.2024 | 30.10.2024 |

जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी,
चतरा।

PR 340505 District(24-25)D

# नियोजन की मांग को लेकर विस्थापितों ने किया प्रदर्शन



**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कथारा अंतर्गत गोविन्दपुर फेज टू में संचालित आउटसोर्सिंग कम्पनी आरए माइनिंग (बीएलए) में विस्थापितों को नियोजन देने की मांग को लेकर रैयत विस्थापित सहयोग समिति के बैनर तले विस्थापितों ने बुधवार को प्रदर्शन किया। रैयत विस्थापित सहयोग समिति के सचिव नरेश राम महतो ने कहा कि झारखण्ड राज्य निजी क्षेत्र नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 के तहत 75 फीसदी नियोजन नियमानुसार सर्वप्रथम विस्थापितों के लिए आरक्षित है। बाजूद इसके कंपनी प्रबंधक उक्त नियमावली के तहत विस्थापितों को नियोजन नहीं दे रही हैं। विस्थापितों के नियोजन की मांग को लेकर सीसीएल गोविन्दपुर फेज टू प्रबंधन के साथ कई बार बैठक हुई। जिसमें लिखित समझौता भी हुआ। जिसके अनुसार कंपनी में काम करने के इच्छुक विस्थापित बेरोजगार युवाओं का नाम क्रमबद्ध सूची बनाकर दिया गया है। जिस पर नियोजन के लिए महाप्रबंधक कार्यालय में जीएम की अध्यक्षता में बैठक भी हुई थी। जिसमें कंपनी प्रबंधक उपस्थित नहीं हुए। जिस पर महाप्रबंधक द्वारा समिति के प्रतिनिधि को आश्वासन दिया गया था कि कंपनी प्रबंधक से बात कर पुनः बैठक बुलाई जाएगी। लेकिन अबतक बैठक नहीं बुलाये जाने को लेकर नाराजगी जाहिर की गयी। विस्थापितों ने कंपनी कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन कर चार दिसंबर से कंपनी का अनिश्चितकालीन चक्का जाम आंदोलन करने की चेतावनी दी गयी। इस मौके पर प्रफुल्ल ठाकुर, फलजीत महतो, एनुल अंसारी, केदार साव, योगेन्द्र ठाकुर, सुभाष ठाकुर, सुनिल कुमार, विनोद प्रजापति, सुरेन्द्र घांसी, जलील अंसारी और भुनेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

## धनबाद में लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन का गठन

# बच्चों को संवारना हम सभी का कर्तव्य : प्रधान जिला जज

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बच्चों को विशेष तौर पर कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के सर्वोच्च न्यायालय (नालसा) के निर्देश के आलोक में धनबाद में बच्चों के लिए बुधवार को मुफ्त लीगल सर्विस यूनिट का गठन किया गया है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में गठित उक्त कमेटी का अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार धनबाद के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन को बनाया गया। कमेटी में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी के रूप में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पियूष कुमार, एलएडीसीएस डिप्टी चीफ के अलावा, पैनल अधिवक्ता और पारा लीगल वॉलंटियर को भी शामिल किया गया है। इस कमेटी की मदद से देखभाल व संरक्षण योग्य बालकों और विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित मामलों में सहायक के तौर पर कार्य किया जाएगा। उक्त बातें बुधवार को डालसा की ओर से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी ने कही। उन्होंने कहा कि नालसा के निर्देश पर बच्चों को चाईल्ड फ्रेंडली लीगल एड दिया जाएगा। यह यूनिट नालसा द्वारा प्रायोजित वत्सल्य और सहयोग योजना के तहत मिलने वाली हर सरकारी योजनाओं, सुविधाओं को भी बच्चों को दिलवाने में सहयोग करेगा। कहा कि बच्चे देश के सुनहरे भविष्य है जिन्हें सवारना और साजना हम सभी का कर्तव्य है। वहीं, कार्यशाला के प्रथम चरण में अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा राकेश रोशन ने यूनिट के सदस्यों को इस यूनिट द्वारा किए जाने वाले कार्यों के विषय में बताया। जबकि जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड की सदस्य पूनम सिंह ने बच्चों के लिए चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं को बताया। न्यायाधीश ने बताया कि चिल्ड्रेन यूनिट में सेवानिवृत्त न्यायिक पदाधिकारी पियूष कुमार (चेयरमैन पीएलए) एलएडीसीएस डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, पैनल अधिवक्ता अभिजीत कुमार साधु, विश्वजीत कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार निषाद, करूणा सिन्हा, हसन इमाम, हरि विश्वकर्मा, निरज कुमार सिंह, संदीप कुमार, पीएलवी चंदन कुमार, अजीत कुमार दास, नवीन कुमार, राजेश कुमार सिंह, पंकज वर्मा, निमाई प्रमाणिक, योगेश्वर नाथ, विनय कुमार सिन्हा, अनामिका सिंह और सीता कुमारी शामिल हैं।



मुफ्त लीगर सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन के गठन पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी व अन्य।

# मृत दीपक मोदी के परिजनों को आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने दिया 11 लाख रुपये का मुआवजा



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिंदरी।** माइनिंग मशीन की चपेट में आने से मृत दीपक मोदी के आश्रितों को आउटसोर्सिंग प्रबंधन ने 11 लाख रुपए का मुआवजा दिया है। सात ही नियोजन पर भी सहमति बनी है। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो की अध्यक्षता में प्रबंधन के साथ मंगलवार की देर रात वार्ता हुई। जिसमें तत्काल 10 लाख रुपया का भुगतान किया गया और एक लाख रुपये नकद भुगतान करने की बात कही गई। इसके पहले आउटसोर्सिंग प्रबंधन से झरिया विधायक रागिनी सिंह ने फोन पर वार्ता की। चेताते हुए नियमों के तहत ही सड़कों पर वाहन चलाने और उत्खनन का कार्य करने को कहा। साथ ही तत्काल वार्ता कर समस्या का निदान करने की बात कही थी। जिसके बाद प्रबंधन ने देर रात को वार्ता की, जिसमें मुआवजा और नियोजन पर सहमति बनी। बताते चले कि दीपक मोदी सोमवार को घायल हो गए थे। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी मौत हो गई। मौत के बाद मुआवजा और नियोजन की मांग को लेकर मंगलवार को संयुक्त मोर्चा के नेताओं जिसमें जनता श्रमिक संघ व विधायक रागिनी सिंह के प्रतिनिधि संजय यादव व अन्य शामिल थे। बाद में सिंदरी विधायक भी पहुंच गये। सभी ने प्रदर्शन कर रहे यूनियन का सहयोग किया। हालांकि तब प्रबंधन मुआवजा देने को तैयार नहीं हो रहा था। इधर, झरिया विधायक रागिनी सिंह के दबाव पर प्रबंधन वार्ता के लिए तैयार हुआ और सहमति बनी। रागिनी सिंह ने कहा है कि किसी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए और मानकों के अनुसार ही कार्य होना चाहिए। अन्यथा वह खुद परियोजना में पहुंचकर न्याय दिलायेंगीं।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**झरिया (आजाद सिपाही)।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के बालूलाइन निवासी विशाल कुमार (20) की बुधवार अपराह्न 3.30 बजे सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी। वह अपने नाना राजदेव प्रसाद के पास रहता था। वह पेशे से मोबाइल फोन बनाने का काम करता था। जानकारी के मुताबिक वह बाइक लेकर डुमरी मोड की ओर जा रहा था। जैसे ही टाटा पार्क मोड के पहुंचा वां किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे आनन फानन में जामाडोबा अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर, निधन की खबर पाकर उसके मामा प्रवीण कुमार, मौसा सुधीर सिंह अस्पताल पहुंच गए।

# आजसू के केंद्रीय महासचिव लखनलाल महतो ने दिया पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा



**चंद्रपुरा(बेरमो)।** आजसू के केंद्रीय महासचिव लखनलाल महतो ने विधानसभा चुनाव में मिली हार की नैतिक जिम्मेवारी लेते एवं अपने निजी कामों की व्यस्तता का हवाला देकर पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि आजसू ने जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी थी उसपर वे खरा नहीं उतर पाये। इसलिए अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिये है। कहा कि चुनाव के दौरान जो भी कमी रही गयी होगी जिस कारण हमलोगों की हार हुई उसे पार्टी में समीक्षा की आवश्यकता है। मुझे विश्वास है कि पार्टी पुनः पूरे तनमान्यता के साथ जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप सेवा करने का प्रयास करेंगी।

# 2000 विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण की ली शपथ

**बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण पर धनबाद केंद्रीय विद्यालय में सेमिनार का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं महिला, बाल विकास सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के निर्देश पर बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण को लेकर धनबाद केंद्रीय विद्यालय में सेमिनार का आयोजन किया गया। उक्त विषय को लेकर केंद्र सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुभारंभ किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अवर' न्यायधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायधीश राकेश रोशन एवं विशिष्ट अतिथि बाल कल्याण समिति के चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी थे। अपने संबोधन में डालसा सचिव राकेश रोशन ने कहा कि बच्चे हमारे देश का भविष्य है और बाल विवाह बच्चों के विकास में सबसे बड़ी बाधक है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों एवं न्याय का हनन न हो, इसके लिए हर संभव प्रयास होनी चाहिए। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि बाल विवाह अपराध है। जो इसमें शामिल रहेंगे उसपर कड़ी कार्रवाई होगी। वहीं बाल कल्याण समिति के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी ने बच्चों को हर तरह की कानून की जानकारी रखने को कहा। इस मौके पर जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, सीता गुप्ता, बाल कल्याण समिति सदस्य ममता अरोड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रिंसिपल शैलेन्द्र शर्मा एवं अतिथियों का स्वागत शिक्षिका सुषमा शर्मा ने किया। अंत में अवर न्यायधीश राकेश रोशन ने करीब दो हजार बच्चों एवं शिक्षकों को बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण की शपथ दिलाया। मौके पर चंदा कुमारी, गुलनाज बानो, जिला बाल संरक्षण ईकाई से प्रीति कुमारी, मदन मोहन महथा, एसएन सिंह, जयप्रकाश शर्मा, राजशेखर राय, चेतन प्रमाणिक, शंकर पंडित, बसंत कुमार, सूरज सिंह, रेणुका, पूनम कुमारी, मीरा कुमारी, विशाल कुमार पंडित, संजीव कुमार सिंह, डीपी तिवारी, ज्योति उपाध्याय, एनके वर्णवाल आदि उपस्थित थे।







कार्यालयः कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) लातेहार
संयुक्त जिला कृषि कार्यालय भवन, कीनामाड़, लातेहार–829206
Website :- www.atmalatehar.in Email :- atmalatehar@gmail.com
Phone No.06565-297030

**आवश्यक सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची के कृषि प्रभाग के अन्तर्गत Agriculture Extension (Krishonnati Yojna) योजना के तहत प्रकाशित विज्ञापन संख्या–PR-257881 Agriculture (2021-22)-D एवं PR-276083 Agriculture (2022-23)-D आलोक में प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक (BTM) एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक (ATM) के पद पर संविदा आधारित नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों के आपत्ति दावा का निराकरण करते हुए स्क्रुटनी की संशोधित सूची आत्मा, लातेहार के वेबसाईट atmalatehar.in एवं लातेहार जिला के वेबसाईट latehar.nic.in पर अपलोड कर दिया गया है, जिसे **दिनांक 28.11.2024 से** देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक
(आत्मा) लातेहार।

PR 340554 (Agriculture) 24-25 (D)


# ढोरी सीसीएल और जिला प्रशासन के बीच एमओयू पर हुआ हस्ताक्षर



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में डीसी विजया जाधव की उपस्थिति में बुधवार को बोकारो जिला प्रशासन की ओर से शक्ति कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी सीएसआर एवं महाप्रबंधक, ढ़ोरी, सीसीएल रंजय सिन्हा के बीच क्षतिपूर्ति निवारण योजना प्राकृतिक एवं सामुदायिक संसाधन संवर्धन योजना के अंतर्गत उपलब्ध राशि कुल 111.00 करोड़ रुपये का मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) किया गया। इस राशि का इस्तेमाल विभिन्न सामुदायिक कल्याणकारी योजनाओं में किया जाएगा। मौके पर सीसीएल की ओर से शैलेश प्रसाद, परियोजना पदाधिकारी, एसडीओसी एम एवं नोडल पदाधिकारी (वन एवं पर्यावरण), एसडीओसी एम अच्युतानंद आदि उपस्थित थे।

# कतरास में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ चला नगर निगम का बुलडोजर

## बिना नोटिस दिये बुलडोजर चलाने आये कर्मियों की हुई फजीहत

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** नगर निगम की ओर से बुधवार को गुहीबांध सरकारी तालाब के समीप अतिक्रमण कर बनाए गए कई दुकानों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। इसमें दो वाशिंग सेंटर, नाश्ता दुकान, बाइक सीट कवर की दुकान और टायर आदि दुकानें शामिल थी। साथ ही कतरास मोड़ हनुमान मंदिर के सामने भी कुछ दुकानों के बाहरी हिस्से को भी तोड़ा गया। इस दौरान कतरास के कुछ दुकानदारों और निगम के अधिकारियों के बीच नोकझोक भी हुई। सभी दुकानदार नोटिस की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि बिना कोई सूचना दिए इस प्रकार की कार्रवाई किया जाना कहीं से भी न्याय संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर निगम द्वारा पुनः इस प्रकार की कार्रवाई की जाएगी तो सभी दुकानदार सड़क पर उतरकर उसका विरोध करेंगे। वहीं, निगम के इंफोर्समेंट टीम के इंस्पेक्टर अनिल कुमार और नगर प्रबंधक साबिर आलम ने दुकानदारों को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि खुद से अतिक्रमण को हटा ले अन्यथा निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया जाएगा। उधर, नगर प्रबंधक साबिर आलम ने बताया कि अतिक्रमण के कारण सड़कों पर बहुत जाम लगता है, जो बड़ी समस्या है। कुछ लोगों ने इसे लेकर विभाग में शिकायत की थी। जिसके बाद धनबाद डीसी ने कतरास में सड़कों के किनारे से अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही गुहीबांध तालाब, कतरास राजातालाब एवं कतरास हटिया को भी अतिक्रमण मुक्त करने का अभियान शुरू किया जाएगा। अवैध रूप से निर्माण किए गए सभी दुकानों एवं मकानों को जल्द ही जेसीबी से तोड़ा जायेगा। इसकी सूचना अनाउंसमेंट करके सभी को दे दी जाएगी। दूसरी ओर, नगर निगम की गई इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों के बीच हड़कंप मचा हुआ है। इस कार्रवाई में निगम कर्मी प्रदीप कुमार एवं इंफोर्समेंट की पूरी टीम शामिल थी।




ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0–2, धुर्वा, रॉची।

**अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना**

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/82/2024-25 दिनांक– 27/11/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, रॉची स्थित 4 अदद् लिफ्ट के अपग्रेडेसन का कार्य। | 19,86,786=00 | 5,000=00 | 40,000=00 | 60 दिन |
| II | नेपाल हाउस, डोरण्डा, रॉची में अवस्थित 2 अदद् लिफ्ट एवं योजना भवन मे अवस्थित 4 अदद् लिफ्ट के वार्षिक सम्पोषण का कार्य। | 27,39,688=00 | 5,000=00 | 55,000=00 | तीन वर्ष |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 10.12.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 11.12.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 17.12.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 18.12.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0/ई0 मेल | 0651–2490069/electricalexecutiveengineerewd@gmail.com | | | |

**Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.**

निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

PR 340583 (Energy) 24-25 (D)


# ज्ञानार्जन और विकास विभाग में 'रूबरू' नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बीएसएल अधिशासियों ने निदेशक प्रभारी वीरेंद्र तिवारी के साथ मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 'रुबरु' नामक संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें बीएसएल के 58 अधिशासी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम के आरंभ में निदेशक प्रभारी की अगुवाई में सभी ने सुरक्षा की शपथ ली। सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) कुमार रजनीश ने 'सुरक्षा संस्कृति में परिवर्तन तथा आगे का रास्ता' की थीम पर एक प्रस्तुतीकरण दिया। जिसके माध्यम से सुरक्षा और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ाने, सुरक्षित कार्य वातावरण बनाने, संभावित खतरों की पहचान करने और प्रभावी सुरक्षा उपायों को लागू करने के बारे में बताया गया। निदेशक प्रभारी ने बताया कि कैसे दैनिक जीवन में सुरक्षा व्यवहार को शामिल करने से एक सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। कहा कि सुरक्षा संस्कृति में परिवर्तन के लिए यह आवश्यक है कि कार्यस्थल पर आपके पास सुरक्षा जांच सूची होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग की वरीय प्रबंधक प्रीति कुमारी ने किया।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना
ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/RANCHI/17/2024-25 Re-tender (2nd Call)
P.R No. 334866 Rural Development (2024-25)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राँची जिला के बुढ़मू प्रखंड अंतर्गत बुढ़मू मुक्का पथ में स्थित नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 426.802 | 8,53,700 | 10,000 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 03.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.12.2024 से दिनांक 10.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 12.12.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, राँची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 7903003903
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है, तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,राँची।

PR 340551 Rural Development (24-25)D

# जाति जनगणना की मांग को लेकर सपा का धरना: सीएम को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** जाती-जनगणना के मुद्दे पर जहां समाजबादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मांग कर रहे हैं, वहीं इंडिया मेंट की सभी सहयोगी पार्टियां भी यही मांग कर रही हैं। लेकिन जातीय जनगणना पर केंद्र सरकार का रुख स्पष्ट नहीं है भारतीय जनता पार्टी, जिसने ओड़िशा में अपने चुनाव घोषणापत्र में मौजूदा आम चुनाव से पहले राज्य में जाति जनगणना कराने का वादा किया था, सत्ता में आने के बाद पिछड़े वर्गों की गिनती करके 27% संवैधानिक संरक्षण मुद्दे से भाग रही है। देश में अगले साल जनवरी से राष्ट्रीय जनगणना शुरू होने जा रही है। यह स्पष्ट हो जायेगा कि कौन-सा वर्ग किस स्थिति में है। एक बार पिछड़े और अति पिछड़े वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति ज्ञात हो जाने पर केंद्र और राज्य सरकारें आरक्षण योजना में उचित नीतिगत निर्णय ले सकेंगी। जाती जन-गणना के साथ पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण मांगको लेकर समाजबादी पार्टी ओड़िशा के प्रदेश कमिटी ने मास्टर क्यान्तिन में धारना प्रदर्शन की और मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा।

समाजबादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शिव हाती यादव के नेतृत्व में, पार्टी प्रबक्ता प्रदीप मिश्र, संपादक प्रताप किशोर बारीक, उपाध्यक्ष देबेंद्र कंहर, महामद अख्तर, के साथ सभी गैर-भाजपा राजनीतिक दलों के नेता, बुद्धिजीवी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता रैली में शामिल हुए और ओड़िशा में जाति जनगणना कराने के पक्ष में तर्क पेश किये। जाति जनगणना में ओबीसी या पिछड़ा वर्ग की भागीदारी अब एक बड़ा मुद्दा है क्योंकि देश की कुल आबादी में ओबीसी की हिस्सेदारी 54% से अधिक है। सामाजिक न्याय प्रदान करने के लिए, समाजबादी पार्टी ओडिशा राज्य समिति ने ओबीसी के लिए रोजगार के क्षेत्र में 11.25% के बजाय 27% की संख्या में आरक्षण के साथ मंडल आयोग की सिफारिशों का लागू कराने की मांग की अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है, इसलिए सरकार जाती-जनगणना कराए और प्रदेश की 54 फीसदी पिछड़ी जातियों को 27 फीसदी आरक्षण दे, नहीं तो समाजवादी पार्टी राज्यभापी समाजवादी जनजागृति अभियान के जरिये इसके खिलाफ जनआंदोलन करेगी। आनेवाले दिनों में पार्टी इस मुद्देको लेकर सड़क से संसद तक आंदोलन करेगी।

# चाइना ओपेन तायकांडो चैंपियनशिप में श्रुति का जलवा

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** चाईना के केकिया जिला में 23 नवंबर से 26 नवंबर तक चाईना ओपेन तायकांडो 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें कई देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। केकिया चीन के झेजियांग प्रांत में शाओक्सिंग शहर का एक जिला है। जो चाईना में अपनी खुबसुरती के लिए जाना जाता है। इस मनमोहक मौसम में दिल्ली के पीस तायकांडो एकाडेमी के खिलाड़ियों ने खुब जलवा बिखेरा। एकाडेमी की श्रुति सिंह ने सीनियर ओमेन कैटेगरी 46 में सिलवर मेडल जिती। एकाडेमी के डारेक्टर विनय सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में श्रुति एक दिन भारत का नाम अवश्य रोशन करेगी। श्रुति सिंह ने बताया कि यह सफलता मेरे कोच की मेहनत एवं परिवार के लोगों के समर्थन की वजह से मिली। भविष्य में मैं और अधिक मेहनत करूंगी ताकि देश में और अधिक मेडल आ सके।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

**ई–निविदा संख्या:** C-710-CHRI-GCT, **क्रम संख्या: 1, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** चरही (CHRI) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास, **क्रम संख्या: 2, चरही स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का लगभग लागत:** रू० 34,43,69,414/–, **क्रम संख्या: 3, बयाने की राशि:** रू० 3,44,37,000/–, **क्रम संख्या: 4, निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 19.12.2024 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 19.12.2024 को 15.30 बजे से, **क्रम संख्या: 5, वेबसाईट का विवरण:** http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/01596/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24–25/36




# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने अक्टूबर 2024 के लिए 'पे एंड विन' विजेताओं की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बुर्ला मंगलवार को टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गयी और पिछले अक्टूबर महीने के लिए 'पे एंड विन स्कीम' के माध्यम से विजेताओं का ऑनलाइन चयन किया गया। टीपीडब्ल्यूओडीएल वाणिज्यिक विभाग के प्रधान कार्यालय में आयोजित की गयी थी। इस अवसर पर कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रवीण कुमार बर्मा के साथ अन्य विभागों के प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे। पश्चिम ओड़िशा में बिजली सेवा को बेहतर बनाने के लिए मासिक बिजली बिल का भुगतान करना उपभोक्ता की एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। लाखों बिजली उपभोक्ता हर महीने एक निश्चित समय पर अपने मासिक बिल का भुगतान करते हैं। हालांकि, इस योजना के नियमों के अनुसार, टीपीडब्ल्यूओडीएल के पात्र ग्राहकों के बीच स्व-चालित कंप्यूटर द्वारा प्रत्येक उप-खंड के लिए 3 बिजली उपभोक्ताओं का चयन किया जाता है और उन उपभोक्ताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक स्मार्ट फोन, द्वितीय पुरस्कार के रूप में एक सारेगामा कर्म और तृतीय पुरस्कार के रूप में एक सोलर लैंप प्रदान किया जाता है। गौरतलब है कि पिछले अक्टूबर माह में पूरे पश्चिम ओडिशा के 5 लाख 18 हजार 257 बिजली उपभोक्ताओं को इस योजना के तहत पात्र माना गया था। जिसमें से 57 सब-डिवीजनों के 171 बिजली उपभोक्ताओं को स्व-चालित कंप्यूटर द्वारा लॉक-ड्रा के माध्यम से विजेता चुना गया।

# बाल प्रगति के मूल्यांकन के लिए इसीसीइ मेला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल संबलपुर वर्क्स में सीएसआर विभाग द्वारा "चाइल्ड इन नीड इंस्टीट्यूट" के साथ साझेदारी में आयोजित प्रारंभिक बाल देखभाल और शिक्षा (ईसीसीई) मेला, रेंगाली ब्लॉक में एक उल्लेखनीय सफलता थी। 26 नवंबर को गुमकर्म-बी आंगनवाड़ी केंद्र में आयोजित इस कार्यक्रम में घिचामुरा ग्राम पंचायत के सभी आठ आंगनवाड़ी केंद्रों के 132 बच्चों और उनके माता-पिता ने भाग लिया। नीलम सिंह आकांक्षा लेडीज क्लब जेएसडब्ल्यू बीपीएसएल की अध्यक्ष और बाल कल्याण और शिक्षा के लिए समर्पित अधिवक्ता ने आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्लब के अन्य सदस्यों के साथ बाल विकास पर इसके महत्वपूर्ण प्रभाव के लिए इस पहल की सराहना की। इस कार्यक्रम को सरकारी अधिकारियों की उपस्थिति से सम्मानित किया गया, जिसमें रेंगाली ब्लॉक के सहायक कार्यकारी अभियंता टिकानाथ भैंसल और घिचामुरा ग्राम पंचायत की महिला पर्यवेक्षक अनीता शेषानी शामिल थी। जिन्होंने प्रारंभिक बाल शिक्षा को बढ़ावा देने में कॉर्पोरेट, समुदाय और सरकारी क्षेत्रों के सहयोगात्मक प्रयासों पर जोर दिया।




# सुभद्रा योजना: मार्च 2025 तक 21 वर्ष की लड़कियां पैसा पाने की पात्र होंगी: उपमुख्यमंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** सुभद्रा योजना में, मार्च 2025 तक 21 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाली लड़कियां भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र हैं। अगर वह आवेदन करती हैं तो उन्हें भी पैसा मिलेगा, यह बात ओड़िशा की उपमुख्यमंत्री प्रवती परिदा ने बुधवार को सुभद्रा योजना पर कहीं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज वे टीवी देख रही थीं, जिसमें उन्होंने देखा कि बैंक में भारी भीड़ है। इस स्थिति पर उन्होंने लाभार्थियों/आवेदकों को सांत्वना दी और चिंता न करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहां कि यदि आवेदक के आधार और राशन कार्ड में मिलान नहीं हो रहा है तो उन्हें इस समस्या का समाधान करना चाहिए। उन्होंने कहां कि यदि आप अभी पंजीकरण करायेंगे तो भी आपको फरवरी में पैसा मिलेगा। बताया जा रहा है कि सुभद्रा योजना के लिए एक करोड़ चार लाख लाभार्थियों ने पंजीकरण कराया था। अब तक करीब 80 लाख 46 हजार महिलाओं को पैसे मिल चुके हैं। बाकी आवेदकों को ब्लॉक स्तर पर भौतिक सत्यापन के लिए कहां गया है।


लगभग सभी जिलों में अपात्र घोषित किये गये 2 लाख 67 हजार आवेदकों में से विभागीय अधिकारियों ने समीक्षा कर 22 प्रतिशत समस्याओं का निराकरण कर दिया है। उन्होंने कहां कि पहली किस्त की अंतिम तिथि सात मार्च, 2025 होगी और दूसरी किस्त 8 मार्च को प्रदान की जायेगी। बोंडाघाटी की 1711 महिलाओं में से 572 को सुभद्रा योजना का लाभ मिल चुका है। शेष को भौतिक सत्यापन के बाद लाभ मिलेगा। स्थानीय विभागीय अधिकारियों को इन लाभार्थियों के पास जाने के निर्देश दिये गये हैं।

# छह महीने की छुट्टी से लौटने के बाद सुजाता कार्तिकेयन ने कामकाज संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** वरिष्ठ आइएएस सुजाता कार्तिकेयन को सरकार ने नियुक्त किया है। सरकार ने सुजाता को वित्त विभाग का विशेष सचिव नियुक्त किया है। वह 6 महीने से छुट्टी पर थे, हालांकि उनकी छुट्टी की अवधि आज खत्म हो गयी है। उन्होंने फिर से 6 महीने की छुट्टी के लिए राज्य सरकार को आवेदन दिया। तब राज्य सरकार ने उनके आवेदन को खारिज कर दिया और उन्हें तुरंत काम पर लौटने का आदेश दिया। चुनाव के दौरान तत्कालीन विपक्षी दल बीजेपी ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। बीजेपी ने चुनाव आयोग से शिकायत की थी कि सुजाता सरकारी नौकरी में रहते हुए तत्कालीन सत्ताधारी पार्टी बीजद के लिए काम कर रही थीं। बाद में सुजाता को मिशन शक्ति के प्रभार से हटाकर वित्त विभाग के विशेष सचिव का प्रभार दिया गया। कार्यभार संभालने के कुछ दिन बाद ही वह 6 महीने की छुट्टी पर चले गये ।




# पुलिस ने कुंडी बडपोल के पास लुटेरों को गिरफ्तार किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कटक जिले के मांहागा पुलिस ने कुंडी बडपोल के पास लुटेरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लुटेरों के पास से बंदूक, हथियार बरामद किये गये। उन पर गबन (छीनताइ) का मामला है। खबरों के अनुसार, जयपुर फंडी के सालेपुर-छतिया रोड पर कोठपढ़ा बड़पुल के पास एक फाइनेंस कंपनी के दो युवक से बाइक में सवार 3 लुटेरों ने बंदूक नोक पर सड़क के बीच में उनसे लूटपाट की। पुलिस ने एक को रास्ते से गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान दो लुटेरा ने धान के खेत की ओर भाग रहे थे, जिन्हें पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया। पुलिस ने इस बात की जांच कर रही है कि उनके खिलाफ किस थाने में कौन सि मामला दर्ज है।




# शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित कार्य के लिए सोआ महिला शक्ति को 'फेमिना अचीवर्स ईस्ट-2024' सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) की महिला कार्यबल को हाल ही में शिक्षा के क्षेत्र में उनके समर्पित कार्य के लिए 'फेमिना अचीवर्स ईस्ट-2024' सम्मान से सम्मानित किया गया।

'सोआ वुमेन वर्कफोर्स' को यह सम्मान देश की प्रमुख अंग्रेजी महिला पत्रिका फेमिना द्वारा दिया गया है। कोलकाता में आयोजित एक सम्मान समारोह में समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली महिलाओं और महिला कार्यकर्ताओं को यह पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से पूर्वी भारत में प्रगतिशील कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में ब्रिटिश उप उच्चायुक्त डॉ एंड्रयू फ्लेमिंग और एलायंस फ्रेंकाइस डू बेंगाल के निदेशक निकोलास फासिनो इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि थे और सम्मान प्रदान किया। सोआ की ओर से कुलपति प्रो प्रदिप्त कुमार नंद और विश्वविद्यालय की जनसंपर्क अधिकारी सुश्री शुभदर्शिनी मिश्र ने पुरस्कार प्राप्त किया। राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) रैंकिंग 2024 के अनुसार, सोआ को देश के 14वें सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में स्थान दिया गया है, जिसमें 54 प्रतिशत छात्रा हैं। इसी तरह, विश्वविद्यालय के 42 प्रतिशत संकाय और कर्मचारी महिलाएं हैं।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**